पदार्थों को बनाने के उद्योग स्थापित किए गए हैं। मेरठ की अपनी अलग पहचान कैंची उद्योग, खेल के सामानों के निर्माण तथा पुस्तकों के प्रकाशन स्थल के रूप में भी की जाती है। वाराणसी और ढाका रेशम उत्पादन और जूट उद्योग के लिए प्रसिद्ध हैं। असम में तेल शोधशालाएँ तथा प्राकृतिक गैस व पेट्रोकैमिकल्स के कारखाने हैं। कोलकाता में जूट मिल तथा जलयान निर्माण के उद्योग स्थापित हैं। असम और बांग्लादेश के नगरों के विभिन्न प्रकार की हस्तकलाएँ, लघु उद्योग के रूप में प्रचलन में हैं। कुछ लोग पर्यटन उद्योग में लगे हुए हैं क्योंकि इस क्षेत्र में ऐतिहासिक तथा धार्मिक महत्त्व के नगर; जैसे-आगरा, लखनऊ, वाराणसी, मथुरा, इलाहाबाद आदि बड़ी संख्या में पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

3. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 10 पंक्तियों में दीजिए :

(i) **अमेजन बेसिन में मानव जीवन :** अमेजिन बेसिन के लोगों का जीवन कठिन एवं दुरुह है। दलदल और आर्द्रता विभिन्न प्रकार के मच्छरों और कीड़े-मकोड़ों को जन्म देती है। मच्छरों के काटने से मलेरिया, पीला ज्वर तथा अन्य प्रकार की बीमारियाँ फैलती हैं। यही कारण है कि अमेजन बेसिन में जनसंख्या घनत्व बहुत कम है। यहाँ के निवासी अमेरिकी इंडियन कहलाते हैं। यहाँ भोजन इकट्ठा करने वाली और शिकार करने वाली जनजातियाँ भी पाई जाती हैं। पुरुष शिकार करते हैं तथा मछलियाँ पकड़ते हैं जबकि स्त्रियाँ खेत में फसलों को बोने-काटने का काम करती हैं। आधुनिक युग में अमेजन बेसिन के निवासियों का रहन-सहन का ढंग तीव्र गति से बदला है। इन लोगों ने स्थायी अधिवास प्रारंभ कर दिया है तथा उन्नत खेती करने लगे हैं। ये लोग अमेजन को जल यातायात के तौर पर उपयोग में लाते हैं।

कृषि : यहाँ जमीन कम उपजाऊ है, इसीलिए लोग झूम खेती करते

हैं। किसान खेती करने के लिए पेड़ों को जलाकर जमीन साफ करते हैं। वे लोग यहाँ तब तक खेती करते हैं, जब तक इस जमीन की उर्वरा शक्ति बनी रहती है। वे कसावा, टेपिओका, चावल, मक्का, कोको, अन्ननास, कहवा, आलू अखरोट तथा काली मिर्च की खेती करते हैं। ब्राजील कहवा उत्पादन में विश्व में प्रथम स्थान रखता है।

(ii) **गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में मानव जीवन :** गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में लोग मुख्यत: किसान और मछुआरे हैं। किसान गेहूँ, अनाज, दालें, जूट आदि उगाते हैं तथा कुछ लोग मछली पकड़कर अपनी आजीविका चलाते हैं। गंगा के डेल्टा में रहने वाले लोग चीनी मिलों के लिए गन्ने की खेती करते हैं। अधिकतर लोग कृषि कार्यों में लगे हुए हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में सीढ़ीदार खेतों में फसलें उगायी जाती हैं। यहाँ लोग विभिन्न प्रकार के व्यवसाय भी करते हैं; जैसे–व्यापार, वाणिज्य, शिल्पकारी, मजदूरी, पशुपालन तथा दुग्ध उत्पादन के लिए गाय, भैंस, बकरी, भेड़ आदि को पालना।

यातायात तथा नगर : गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में रेलों और सड़कों का जाल बिछा है। यहाँ के प्रमुख नगर; जैसे–आगरा, दिल्ली, कोलकाता, गोहाटी तथा ढाका (बांग्लादेश की राजधानी), रेल और सड़क मार्गों और वायुमार्गों से जुड़े हैं। दिल्ली और कोलकाता में मेट्रो रेल की सुविधा उपलब्ध है। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाइ अड्डा, नई दिल्ली, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, कोलकाता प्रसिद्ध राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तन हैं। बांग्लादेश में ढाका भी एक प्रसिद्ध बंदरगाह है। गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियाँ आंतरिक नौवहन की सुविधा प्रदान करती हैं। ब्रह्मपुत्र बांग्लादेश में जल यातायात के लिए उपयोग में लायी जाती है। आगरा लाल किले और ताजमहल के लिए प्रसिद्ध है। दिल्ली भारत की राजधानी है। इलाहाबाद, मथुरा और वाराणसी हिंदुओं के धार्मिक नगर हैं।

4. निम्नलिखित का नाम बताइए :

(i) उष्णकटिबंधीय प्रदेश (ii) अमेजन नदी

(iii) टूकान (iv) अमेरिकी इंडियन

8 रेगिस्तान में जन-जीवन

रचनात्मक निर्धारण

1. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :

(i) (a) मरुस्थल (ii) (a) बौद्ध मठ को

(iii) (c) सहारा (iv) (b) सहारा के

(v) (c) बाल्टी

2. निम्नलिखित को सुमेल कीजिए :

'अ'	'ब'
बद्दू	सहारा के निवासी
गंगोत्री	ग्लेशियर
याक	लद्दाख का बैल जैसा दिखने वाला पशु
काहिरा	मिस्र की राजधानी
लेह	लद्दाख की राजधानी
बारालाचा ला	दर्रा

3. सत्य या असत्य लिखिए :

(i) सत्य (ii) असत्य (iii) सत्य (iv) असत्य

(iv) सत्य

4. निम्नलिखित कथनों के लिए केवल एक शब्द लिखिए :

(i) सहारा (ii) मरुद्यान (iii) लू (iv) गिजा

(v) पशमीना

संकलित निर्धारण

1. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक पंक्ति में दीजिए :

(i) विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल सहारा है।

(ii) सहारा मरुस्थल अफ्रीका महाद्वीप में स्थित है।

(iii) भारत का सबसे ठंडा मरुस्थल लद्दाख है।

(iv) सहारा में सियार, चूहे, लोमड़ी, गजेल, छिपकली, साँप, मकड़ी, ऊँट, लकड़बग्घे, बिच्छू आदि जीव-जंतु पाए जाते हैं।

(v) सहारा में रहने वाले लोग सूती वस्त्र पहनते हैं व लद्दाख में लोग ऊनी वस्त्रों का प्रयोग करते हैं।

(vi) लद्दाख में बोली जाने वाली भाषाएँ–लद्दाखी एवं बाल्टी हैं।

(vii) पूर्वी लद्दाख में हेमिस, थिकसे, शाय तथा लेमयुरू नामक बौद्ध मठ हैं, जिन्हें गोम्पा कहते हैं।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग चार पंक्तियों में दीजिए :

(i) सहारा की जलवायु बहुत शुष्क और गर्म है। अपराह्न में बहुत गर्म लू चलती है। दिन बहुत गर्म और रातें ठंडी होती हैं। दिन का तापमान 50° सेल्सियस तक पहुँच जाता है; जबकि रात्रि में पारा शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर जाता है।

(ii) अति कम वर्षा होने के कारण सहारा में कँटील झाड़ियाँ, कैक्टस, ताड़, बबूल, अकेशिया, खजूर आदि वनस्पति उगती हैं। ताड़ तथा खजूर के पेड़ जलाकृतियों, जिन्हें मरुद्यान कहते हैं, के पास उगे होते हैं। इन मरुद्यानों के पास के गाँव में बसने वाले लोग कुछ अन्य फसलों; जैसे–गेहूँ, जौ, बीन्स तथा कपास आदि की खेती करते हैं। सहारा में सियार, चूहे, लोमड़ी, गजेल, छिपकलियाँ, साँप, मकड़ी, ऊँट, लकड़बग्घे, बिच्छू आदि जीव-जंतु पाए जाते हैं।

(iii) लद्दाख के पर्वतीय ढाल घास और झाड़ियों से आच्छादित हैं। घाटी में विलो और पॉपलर के वृक्षों की बहुतायत है। लद्दाख के ऊँचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में सेब, खुमानी तथा अखरोट की पैदावार खूब होती है। यहाँ के लोग जौ, आलू, शलगम, मटर तथा बीन्स की खेती करते हैं।

(iv) लद्दाख में जंगली बकरियाँ, भेड़, याक तथा विशेष जाति के कुत्ते पाए जाते हैं। याक बड़े आकार वाला शाकाहारी गाय जैसा दिखने वाला पशु है, जिसके दूध से पनीर तथा मक्खन आदि बनाए जाते हैं। बकरियों, याकों तथा भेड़ों से ऊन प्राप्त की जाती है, जिससे ऊनी वस्त्रों का निर्माण किया जाता है। अतः यहाँ के लोग बकरियाँ, भेड़, याक तथा टट्टुओं को पालते हैं।

(v) सहारा मरुस्थल बहुत विशाल है। ऊँट ही यहाँ यातायात का एकमात्र साधन है। विज्ञान और तकनीकी विकास के साथ-साथ सहाराव ेअ ार-पारर ेलवेल ाइनत थास ड़कोंक ा िवकासि कया गया। सड़कों पर मोटर कार, बसें, बाइक तथा ट्रकों को दौड़ते हुए देखा जा सकता है। वायु सेवाओं के द्वारा भी एक-दूसरे नगरों तथा देशों की यात्राओं को अति सुगम बना दिया गया है। मिस्र की राजधानी काहिरा में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का विमान पत्तन है।

गिजा के विशाल पिरामिडों को देखने के लिए विश्व के कोने-कोने से पर्यटक प्रति वर्ष लाखों की संख्या में आते हैं। त्रिपोली तथा एलेक्जेंड्रिया भूमध्य सागर के किनारे पर स्थित महत्त्वपूर्ण बंदरगाह है। नील नदी तथा स्वेज नहर नौवहन के लिए उपयोगी हैं।

3. 10 पंक्तियों में उत्तर :

(i) सहारा के निवासियों को बद्दू कहा जाता है। ये लोग घुमक्कड़ और खानाबदोश जीवन जीते हैं। ये लोग ऊँट, घोड़े, खच्चर, गधे तथा भेड़-बकरियाँ पालते हैं। ये भोजन की तलाश में यहाँ से वहाँ घूमते रहते हैं। ऊँट तथा घोड़ों की पीठ पर ये अपना सामान एक जगह से दूसरी जगह ले जाते हैं। जानवरों से इन्हें दूध, खाल, हड्डियाँ आदि मिलते हैं। पशुओं की खाल (चमड़े) से भी लोग अपने उपयोग की

चीजों का निर्माण करते हैं। यहाँ के गड़रिए तुएरेग कहलाते हैं; जो बकरी, भेड़ तथा ऊँट पालते हैं। ये लोग पूर्णतया दूध, मांस और खजूर पर निर्भर करते हैं। आधुनिक युग में बद्दू और तुएरेग लोगों ने अधिवासी जीवन शुरू कर दिया है तथा अपने रहन–सहन के ढंग कोप ूर्णत:प रिवर्तितक र लियाह ै।ि मस्रम ेंन ीलन दीक ीघ ाटी उत्तम श्रेणी की कपास और गन्ना उत्पादन के लिए विख्यात है। खजूर के रस से शराब बनाई जाती है तथा इसकी पत्तियों से टोकरियाँ, पंखे तथा मकानों की छतें बनाई जाती हैं।

इनके अतिरिक्त व्यापार, खनन, शिल्पकारी तथा जमीन से खनिज तेल के उत्पादन आदि कुछ अन्य व्यवसायों में भी यहाँ के लोग लगे हुए हैं।

(ii) **लद्दाख में जीवन शैली :** लद्दाख में बौद्ध तथा मुसलमान लोग निवास करते हैं। बौद्ध लोग लद्दाखी तथा मुसलमान लोग बाल्टी भाषाएँ बोलते हैं। यहाँ के लोगों का मुख्य व्यवसाय खेती है। यहाँ की महिलाएँ बहुत परिश्रमी होती हैं। वे कृषि, व्यापार तथा तमाम घरेलू कार्यों को करती हैं। कुछ महिलाएँ दुकानें भी चलाती हैं। ठंड से बचने के लिए लोग यहाँ ऊनी वस्त्र प्रयोग करते हैं। ऊँचाई वाले वाले ठंडे इलाकों में रहने ाले लोग बकरियाँ, भेड़, याक तथा टट्टुओं को पालते हैं। शीत ऋतु के दौरान लद्दाखी लोग त्योहारों तथा उत्सवों का लुत्फ उठाते हैं क्योंकि बर्फ जमने के कारण अन्य क्रियाकलापों के लिए वहाँ विपरीत परिस्थितियाँ जन्म ले लेती हैं। लद्दाखी लोगों की जीवनशैली आधुनिकता के अनुसार दिन–प्रतिदिन बदल रही है।

लद्दाख के निवासियों के व्यवसाय : लद्दाख के लोगों का मुख्य व्यवसाय खेती है। यहाँ के जुलाहे सुंदर और कीमती शॉल, गलीचे तथा कंबल बुनते हैं। कुछ लोग पर्यटन व्यवसाय में सलंग्न हैं। पर्यटन व्यवसाय लद्दाख के मुख्य उद्योगों में से एक है।

4. निम्नलिखित का उचित कारण बताइए :

(i) शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी से बचने के लिए सहारा मरुस्थल के निवासी सूती वस्त्र पहनते हैं।

(ii) वाष्पोत्सर्जन के द्वारा पानी की हानि को रोकने के लिए सहारा मरुस्थल के वृक्ष तथा पौधे अपनी पत्तियों को काँटों में रूपांतरित कर लेते हैं।

(iii) क्योंकि सहारा मरुस्थल के निवासी बद्दू खानाबदोश जीवन जीते हैं और ये भोजन की तलाश में यहाँ से वहाँ घूमते रहते हैं।

(iv) याकव ेद ूधस ेप नीरत थाम क्खनअ ादिब नाएज ातेह ैं।इ सके साथ–साथ याक से ऊन भी प्राप्त की जाती है। अत: याक लद्दाखियों का सबसे उपयोगी जंतु है।

9 विश्व के शीतोष्ण प्रदेशों में जन–जीवन

रचनात्मक निर्धारण

1. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :

(i) (a) बहुत कम (ii) (b) प्रेयरी से

(iii) (b) यू.एस.ए. के प्रेयरी से (iv) (a) कनाडा के प्रेयरी से

(v) (c) भेड़

2. निम्नलिखित को सुमेल कीजिए :

'अ'	'ब'
मिसीसिपी	प्रेयरी की एक नदी का नाम
लिम्पोपो	वेल्ड की एक नदी का नाम
किम्बरले	हीरों के खनन के लिए जाना जाता है
जोहन्सबर्ग	सोने की खानों के लिए प्रसिद्ध

कुडु	वेल्ड का जंगली जंतु
जुलु	वेल्ड के निवासियों द्वारा बोली जाने वाली एक भाषा

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) प्रेयरी	(ii) रॉकी पर्वत	(iii) अन्न भंडार
(iv) वेल्ड	(v) वेल्ड	(vi) किम्बरले

4. सत्य या असत्य लिखिए :

(i) सत्य	(ii) असत्य	(iii) सत्य
(iv) असत्य	(v) सत्य	(vi) सत्य

5. एक शब्द दीजिए :

(i) प्रेयरी	(ii) प्रिटोरिया	(iii) जोहन्सबर्ग
(iv) कोयला	(v) रेंच	(vi) ऑरेंज

संकलित निर्धारण

1. एक पंक्ति में उत्तर :

(i) प्रेयरी उत्तरी अमेरिका में रॉकी पर्वत के पश्चिम से पूर्व में स्थित महान झीलों के क्षेत्र तक फैले हैं। ये घास भूमियाँ संयुक्त राज्य अमेरिका तथा कनाडा में फैली हैं।

(ii) लिम्पोपो, साबी, ऑरेन्ज तथा वाल नदियाँ।

(iii) प्रेयरी मैदानों में उगने वाले वृक्ष—विलो, आल्डर तथा पॉपलर। प्रेयरीम ैदानोंम ें प ाएज ानेव ालेज ंतु—बाइसनय ाअ मेरिकीभ ैंस, खरगोश, कोयोट, प्रेयरी कुत्ते तथा गोफर।

(iv) प्रेयरी में कस्बों और नगरों के चारों ओर किसान सब्जियाँ उगाते हैं, जिन्हें वे स्थानीय बाजारों में बेचते हैं। वे इसे बाजार-बागवानी के नाम से पुकारते हैं।

(v) मिसीसिपी, ससकाचीवान।

(vi) प्रिटोरिया।

2. चार पंक्तियों में उत्तर :

(i) प्रेयरी में घास की विस्तृत भूमियों में लोग बड़े पैमाने पर पशुपालन करते हैं, जो उनका दूसरा महत्त्वपूर्ण व्यवसाय है। वे शहरों के निकट दुग्धशालाओं की स्थापना करते हैं ताकि दुग्ध उत्पाद स्थानीय बाजारों में बेचे जा सकें। गाय फसलों को खाती हैं तथा वे दूधअ ौरम ांसव ेिलएउ पयोगम ेंल ाईज ातीह ैं।इ सप्रकारव े व्यवसाय को मिश्रित खेती कहते हैं।

(ii) प्रेयरी में सोना, चाँदी, जस्ता, ताँबा, प्राकृतिक गैस तथा खनिज तेल आदि के भंडार मिलते हैं। लौह अयस्क सुपीरियर झील के चारों ओर स्थित क्षेत्रों में पाया जाता है। कोयला रॉकी पर्वत की तलहटी में पाया जाता है। पोटाश के भंडार प्रेयरी के उत्तरी भाग में स्थित हैं।

(iii) वेल्ड के मैदानों में विभिन्न प्रकार की घास पाई जाती है। दक्षिणी वेल्ड में रैड घास तथा ऊँचे वेल्ड में अकेशिया और मरुला घास उगी देखी जा सकती है। वेल्ड के मैदानों में शेर, तेंदुए, जिराफ, कुड, चीता आदि जीव-जंतु पाए जाते हैं। असीमित शिकार के कारण इन जानवरों की संख्या में कमी आ गई है, परंतु इन जानवरों की सुरक्षा के लिए सरकार ने इन पर विशेष ध्यान दिया है।

(iv) प्रेयरी की अधिकतर जनसंख्या फार्मों में कृषि कार्यों में लगी हुई हैं। कस्बों और नगरों के चारों ओर किसान सब्जियाँ उगाते हैं, जिन्हें वे स्थानीय बाजारों में बेचते हैं। घास की विस्तृत भूमियों में लोग बड़े पैमाने पर पशुपालन करते हैं, जो उनका दूसरा महत्त्वपूर्ण व्यवसाय है। वे शहरों के निकट दुग्धशालाओं की स्थापना करते हैं ताकि दुग्ध उत्पाद स्थानीय बाजारों में बेचा जा सके। गाएँ, दूध और मांस के लिए उपयोग में लाई जाती हैं। इस प्रकार के व्यवसाय को मिश्रित कृषि कहते हैं। गायों को बड़े-बड़े फार्मों में पाला जाता है, जिन्हें रेंच कहते हैं। डेरी फार्मिंग तथा कृषि, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग पर आधारित है। प्रेयरीज में रैड इंडियन का मुख्य व्यवसाय

शिकार करना, खाद्य पदार्थ इकट्ठा करना तथा प्राचीन कृषि थे। कुछ लोग खनिज तेल तथा प्राकृतिक गैस के भूमि से बाहर निकालने के व्यवसाय में लगे हुए हैं।

(v) वेल्ड के मुख्य नगर सड़क मार्गों, रेलमार्गों तथा वायुमार्गों से जुड़े हैं। जोहन्सबर्ग यहाँ का सबसे बड़ा नगर है। प्रिटोरिया दक्षिण अफ्रीका की केंद्रीय राजधानी है। हरारे, जिम्बाम्वे की राजधानी है।

3. 10 पंक्तियों में उत्तर :

(i) **वेल्ड में लोगों के व्यवसाय :** कृषि और खनन के अतिरिक्त वेल्ड के निवासियों का मुख्य व्यवसाय भेड़-पालन है। ऊन उद्योग पैसा देने वाला उद्योग साबित हुआ है। दुग्ध उद्योग गर्म और जलीय भागों में रहने वाले लोगों का दूसरा मुख्य व्यवसाय है। दुग्ध उत्पादन अन्य देशों को निर्यात कर दिए जाते हैं।

वेल्डक ीज लवायु : हिंद महासागर के निकट स्थित होने के कारणव ेल्डक ीज लवायुम ृदुह ौ।ग र्मियाँअ ल्पकालीनत थाग र्म होती हैं जबकि शीत ऋतु ठंडी और शुष्क होती है। जुलाई माह सबसे ठंडा महीना होता है। वर्षा सामान्यत: कम लेकिन गर्मियों में भरपूर होती है। इनमें तापमान 5° से से 10° से तक बना रहता है।

वेल्ड में खनिज : खनिज उत्पादन की दृष्टि से वेल्ड संपन्न मैदान है। यहाँ सोना, हीरा, यूरेनियम, कोयला, प्लेटिनम, क्रोमियम तथा लौह अयस्क का खनन किया जाता है। किम्बरले हीरों की खान तथा जोहन्सबर्ग सोने की खान के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। जोहनसबर्ग को विश्व की सोने की राजधानी पुकारा जाता है।

(ii)

क्र.सं.	प्रेयरी की प्राकृतिक वनस्पति	वेल्ड की प्राकृतिक वनस्पति
1.	इन घास भूमियों के कुछ हिस्सों में वृक्ष बिलकुल भी नहीं पाए जाते हैं।	वेल्ड के मैदानों में विभिन्न प्रकार की घास पाई जाती हैं।
2.	वर्षा वाले क्षेत्रों में विलो, आल्डर तथा पॉपलर के वृक्ष पाए जाते हैं।	दक्षिणी वेल्ड में रैड घास तथा ऊँचे वेल्ड में अकेशिया और मरूला घास उगी देखी जा सकती है।
3.	घास भूमियों के विस्तृत मैदानों को प्रेयरी कहते हैं, जो यहाँ प्रचुरता में पाए जाते हैं।	ये घास भूमियाँ 600 से 1100 मीटर की ऊँचाई तक पायी जाती हैं।

1

इकाई II : इतिहास (मध्यकालीन भारत)

कब, कहाँ और कैसे?

रचनात्मक निर्धारण

1. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :

(i) (a) बांग्लादेश (ii) (d) इण्डस

(iii) (d) लोहा (iv) (b) आगरा

(v) (c) अब्दुल हमीद लाहौरी (vi) (a) जहाँगीर

(vii) (d) अमीर खुसरो (viii) (a) कब्र के ऊपर बनी इमारत

(ix) (c) वेनिस का (x) (a) दिल्ली में

(xi) (c) चित्रकला में

2. सत्य या असत्य लिखिए :

(i) सत्य (ii) असत्य (iii) सत्य

(iv) असत्य (v) सत्य

3. निम्नलिखित को सुमेल कीजिए :

'अ'	'ब'
इब्नबतूता	मुहम्मद बिन तुगलक
सर टामस रो	जहाँगीर
बिलियम हाकिन्स	जहाँगीर
बदायूँनी	मुन्तखबुल-तवारीख
कल्हण	राजतरंगिणी
चन्द्रबरदाई	पृथ्वीराज रासो

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) उपमहाद्वीप (ii) इण्डस (iii) 8वीं सदी

(iv) फतेहपुर सीकरी (v) अब्दुल हमीद लाहौरी (vi) जहाँगीर

संकलित निर्धारण

1. एक पंक्ति में उत्तर :

(i) 8वीं और 18वीं शताब्दी के मध्य का समय मध्यकालीन इतिहास कहलाता है।

(ii) महाद्वीप से आकार में छोटा भूखंड उपमहाद्वीप कहलाता है।

(iii) जहाँगीर के समय विलियम हॉकिन्स व सर टॉमस रो और मुहम्मद बिन तुगलक के समय इब्नबतूता भारत आए थे।

(iv) भारतीय इतिहास को तीन कालों में विभाजित किया जा सकता है।

2. चार पंक्तियों में उत्तर :

(i) हमारे देश को पुराणों में भारतवर्ष कहा गया है। इतिहासकार इसे आर्यदेश तथा पारसी इसे सप्तसिंधु पुकारते थे, जबकि यूनानियों ने इसे इण्डिया पुकारा। ईरानियों ने इसे इण्डस कहा। मिन्हाज-ए-

सिराज, एक ईरानी इतिहासकार ने तेरहवीं शताब्दी में इसे हिन्दुस्तान कहा। 14वीं शताब्दी में अमीर खुसरो, एक प्रसिद्ध कवि ने इसके लिए हिन्द शब्द का प्रयोग किया।

(ii) मध्यकालीन भारत के साहित्यिक स्रोतों का वर्णन निम्नलिखित है–

(अ) पुरातात्विक स्रोत : पुरातात्विक स्रोतों में सिक्कों, पेंटिंग, प्राचीनइ मारतोंअ ौरस् मारकों,ख ुदाई,ल ेखोंअ ादिक ोस म्मिलित किया जाता है।

(ब) साहित्यिक स्रोत : विदेशी यात्रियों के द्वारा दिए गए राजाओं और सम्राटों के ऐतिहासिक इतिवृत्त, जीवन वृत्त तथा आत्मकथाएँ (सम्राटों द्वारा लिखी गई) विदेशी साहित्यिक स्रोत कहलाते हैं।

(स) विदेशी यात्रियों द्वारा दिए गए विवरण : मध्यकाल में अनेक विदेशी यात्रियों ने भारत का दौरा किया था। तत्कालीन इतिहास को जानने में उनके द्वारा दिए गए विवरणों से बहुत मदद मिलती है।

(iii) भारत के अनेक स्थानों से पुरातत्ववेत्ताओं को खुदाई में बड़ी संख्या में सिक्के प्राप्त हुए हैं। ये सिक्के सोना, चाँदी, ताँबे जैसी धातुओं से बने हैं। ये सिक्के भारतीय इतिहास लिखने में बहुत सहायक सिद्ध हुए हैं। इन सिक्कों पर की गई खुदाई लिखाई में संबंधित राजाओं और शासकों के शासनकाल तथा उनके समय की राज्य की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का उल्लेख किया गया है।

(iv) मध्यकालीन भारत में बाबर तथा जहाँगीर ने चित्रकला में बहुत रुचि ली। उनके शासनकाल में चित्रकला का बहुत विकास हुआ। उनके समय में तैयार की गई पेंटिंगों से पता चलता है कि वे लोग चित्रकला के प्रति गहरा रूझान रखते थे। उनकी चित्रकारी के विषय सुंदर महिलाएँ, पेड़-पौधे, लताएँ तथा पशु हैं। इन चित्रों से

रंग-योजनाओं का भी पता चलता है। उस समय की अधिकांश धार्मिक पुस्तकों में छोटे-छोटे चित्रों का प्रयोग किया गया था। जहाँगीर स्वयं अपने समय का एक दक्ष चित्रकार था तथा उसे ऐतिहासिक चित्रों का इकट्ठा करने का शौक था।

3. 10 पंक्तियों में उत्तर :

(i) विदेशी यात्रियों के द्वारा दिए गए राजाओं और सम्राटों के ऐतिहासिक इतिवृत्त, जीवन वृत्त तथा आत्मकथाएँ विदेशी साहित्यिक स्रोत कहलाते हैं। ये सभी साक्ष्य मध्यकालीन शासकों के शासन एवं राज्यों के विषय में महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ उपलब्ध कराते हैं। शासकों के दरबारी कवियों और विद्वानों ने अपने शासकों के विषय में महत्त्वपूर्ण पुस्तकों की रचना की, जिनमें तत्कालीन सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक दशाओं का वर्णन किया गया है। सामान्यतः इन पुस्तकों की रचना तुर्की, अरबी तथा ईरानीभ ााषाओंम ेंक ीग ईथ ी।य ेप ुस्तकेंभ ारतव ेम ध्यकालीन इतिहास की मौलिक स्रोत हैं। बाबर रचित बाबरनामा, जहाँगीर की 'तुजुके-जहाँगीरी', अलबरूनी की 'तहकीके-हिंद', अबुल फजल की 'आइना-ए-अकबरी' और 'अकबरनामा', अब्दुल हमीद लाहौरी का 'पादशाहनामा', बदायूँनी की 'मुन्तखूबल-तवारीखी', कल्हण की 'राजतरंगिणी', चन्द्रबरदाई की 'पृथ्वीराज रासो' तथा बिहारी की 'सतसई' ऐसे ही कुछ महत्वपूर्ण साहित्यिक स्रोत हैं।

(ii) मध्यकाल में अनेक विदेशी यात्रियों ने भारत का दौरा किया था। तत्कालीन इतिहास को जानने में उनके द्वारा दिए गए विवरणों से बहुत मदद मिलती है। अरबी यात्रियों में अलबरूनी, सुलेमान, अलमसूदी, हसन निजामी, निजामुद्दीन तथा फरिश्ता जैसे विद्वानों ने अपने विवरणों में दिल्ली सल्तनत का जिक्र किया है। मुसलमान लेखकों में अलबरूनी, अलमसूरी तथा अलाई दसोरी जैसे विद्वानों ने अपने रचित ग्रंथों में मध्यकालीन भारत का विवरण दिया है। अंग्रेज यात्रियों; जैसे—निकोलो कोंटी (कृष्णदेव राय के समय वेनिस से

भारत आया था), विलियम हॉकिन्स व सर टॉमस रो (जहाँगीर के समयइ ंग्लैण्डस ेभ ारतआ ाए),इ ब्नबतूता(मोहम्मदत ुगलकव े समय मोरक्को से भारत आया), ने अल्बरूनी (महमूद गजनवी के साथ भारत आया) ने अपनी पुस्तक 'तारीख-उल-हिन्द' में तत्कालीन भारत का वर्णन किया है।

4. निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए :

(i) **सिक्का :** भारत के अनेक स्थानों से पुरातत्ववेत्ताओं को खुदाई में बड़ी संख्या में सिक्के प्राप्त हुए हैं। ये सिक्के सोना, चाँदी, ताँबे जैसी धातुओं के बने हैं।

(ii) **स्मारक :** व्यक्ति या घटनाओं का विवरण संजोए हुए इमारत, स्तंभ, मूर्ति आदि स्मारक कहलाते हैं।

(iii) **मकबरा :** समाधि स्थल को मकबरा कहते हैं।

(iv) **आत्मकथा :** अपनी स्वयं की जीवनी लिखना आत्मकथा कहलाता है।

(v) **पेंटिंग :** मध्यकालीन भारत में बाबर तथा जहाँगीर ने चित्रकला में बहुत रूचि ली। उनके समय में तैयार की गई पेंटिंगों से पता चलता है कि वे लोग चित्रकला के प्रति गहरा रूझान रखते थे।

2 क्षेत्रीय राज्यों का उदय-I

रचनात्मक निर्धारण

1. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :

(i) (a) दन्तिदुर्ग	(ii) (b) 535 ई. से 566 ई. तक
(iii) (b) 640 ई.	(iv) (a) तैलप
(v) (a) दण्डी	(vi) (a) रथ मंदिर

(vii) (a) विजयालय (viii) (a) एलोरा गुफाओं में

2. निम्नलिखित को सुमेल कीजिए :

'अ'	'ब'
राष्ट्रकूट	कृष्ण प्रथम
पल्लव	नरसिंहवर्मन प्रथम
वातापी के चालुक्य	पुलकेशिन प्रथम
कल्याणी के चालुक्य	तैलप
चोल	राजराजा प्रथम
पल्लव	महेंद्रवर्मन प्रथम

3. सत्य या असत्य लिखिए :

(i) सत्य (ii) सत्य (iii) असत्य

(iv) सत्य (v) सत्य

4. निम्नलिखित को पूरा कीजिए :

(i) राष्ट्रकूट वंश (ii) रथ मंदिर (iii) पुलकेशिन द्वितीय

(iv) मालवा (v) राजराजा प्रथम

संकलित निर्धारण

1. एक पंक्ति में उत्तर :

(i) दन्तिदुर्ग राष्ट्रवूट वंश का संस्थापक था।

(ii) कैलाश मंदिर एलोरा में स्थित है।

(iii) बादामी के चालुक्य वंश का प्रथम राजा जयसिंह था।

(iv) हर्ष को पुलकेशिन द्वितीय ने पराजित किया।

(v) पल्लव शासक दक्षिणी राज्यों के महान राजपूत शासक थे। सातवाहन वंश के पतन के पश्चात् ये शासक सतारूढ़ हुए। संगम साहित्य में उन्हें तोन्डियार के नाम से जाना गया।

(vi) कांची।

(vii) चोल वंश के पास।

2. चार पंक्तियों में उत्तर :

(i) कल्याणी के चालुक्य वंश का संस्थापक तैलप था, जिसने 973 ई. से 997 ई. तक शासन किया था। उसने चेदि, नेपाल, उड़ीसा तथा कुन्तला को विजित किया। उसने परमार वंश के मालवा के शासक मुंज को मार दिया था। इस वंश के अन्य शासकों में सत्याश्रया, दासवर्मन,ि वक्रमादित्यप ंचम,ज यसिंहप्रथमत थाज गदेकमल्ला आदि हुए।

(ii) पल्लव शासक दक्षिणी राज्यों के महान राजपूत शासक थे। सातवाहन वंश के पतन के पश्चात् ये शासक सतारूढ़ हुए। संगम साहित्य में उन्हें तोन्डीयार के नाम से जाना गया था और उनकी उत्पत्ति सातवाहन सामंतों, जो नाग वंश से संबंधित रहे थे, से मानी जाती है। कुछ इतिहासकार पल्लवों को उत्पत्ति से ब्राह्मण तथा व्यवसाय से क्षत्रिय मानते हैं।

(iii) राजेंद्र प्रथम, राजराजा प्रथम का पुत्र था। वह अपने पिता की मृत्यु के बाद राजसिंहासन पर बैठा। उसने गंगईकोण्ड चोल तथा उत्तमा चोल की उपाधि धारण की। वह अपने समय का महान योद्धा तथा प्रशासक था। उसने लगभग 32 वर्ष तक शासन किया तथा अपने राज्य एवं शक्ति का प्रसार किया। उसने गंगईकोण्ड चोलपुरम को अपनी नई राजधाननी बनाया।

(iv) चोलों ने दक्षिण भारत में तमिलनाडु और तंजौर में शासन किया। चोल वंश को अति प्राचीन वंश माना जाता है। इस वंश की स्थापना प्रथम और महान शासक विजयालय ने की थी। उसने तंजौर को अपनी राजधानी बनाया था। उसने पल्लवों और पाण्डवों को हराया। इस वंश का सबसे प्रतापी राजा राजराजा प्रथम (985 ई. से 1014 ई.) हुआ था।

(v) चोलों के शासन में शिक्षा और साहित्य ने बहुत उन्नति की थी। मंदिर, शिक्षा के मुख्य केंद्र थे। संस्कृत तथा तमिल भाषाएँ मुख्य

रूप से पढ़ी और पढ़ाई जाती थीं। अध्ययन के मुख्य विषय संगीत, नाटक, नृत्य, व्याकरण, नक्षत्रशास्त्र तथा दर्शनशास्त्र थे। तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और संस्कृत भाषाओं में बड़ी संख्या में पुस्तकों की रचना की गई।

प्रसिद्ध तमिल कवि कम्बन ने रामायण का अनुवाद तमिल में किया था। कवि टिक्कना ने महाभारत का अनुवाद तेलुगु भाषा में किया था। तमिल साहित्य की उन्नति चोलों के शासन के दौरान सर्वाधिक हुई।

3. 10 पंक्तियों में उत्तर :

(i) चोल राजाओं ने किसानों की दशा और उनकी भलाई की ओर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने सिंचाई की उचित व्यवस्था की, जिसके लिए उन्होंने कुओं, तालाबों, नहरों और बाँधों का निर्माण कराया। उन्होंने तालाबों का निर्माण इसलिए कराया ताकि बंजर भूमि को उपजाऊ बनाकर उससे अधिक उपज प्राप्त की जा सके। मंदिरों को दिया गया दान का धन कृषि के विकास हेतु उपभोग में लाया जाता था। प्राकृतिक आपदाओं; जैसे—सूखा, बाढ़ या भारी वर्षा के कारण किसानों का कर माफ कर दिया जाता था। कृषि उपजों की पैदावार बढ़ाने के लिए वनभूमि की सफाई करके खेती योग्य भूमि उपलब्ध कराना, भूमि का समतलीकरण कराना, बाढ़ पर नियंत्रण हेतु पुश्तों का बनवाना, नहरों का निर्माण कराना आदि कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जाता था।

(ii) चोल राजा हिंदू धर्म के अनुयायी थे। वे शिव और विष्णु को ईश्वर के रूप में पूजते थे। उस समय वैष्णव धर्म बहुत लोकप्रिय हो गया था। इसके अतिरित बौद्ध एवं जैन धर्म भी समाज में प्रचलित थे। चोल शासकों ने इस्लाम तथा ईसाई धर्म के मामलों में कोई दखलंदाजी नहीं की थी।

राजशाही परिवार, ब्राह्मण तथा व्यापारी वर्ग समाज में वैभवपूर्ण

एवं प्रतिष्ठित जीवनयापन करते थे। समाज में उनका विशेष स्थान था। किसान, मजदूर तथा दासों की दशा ज्यादा अच्छी नहीं थी। संपूर्णस माजच ारव र्णोंम ें ि वभाजितथ ाा–ब्राह्मण,क्ष ात्रिय,व ैश्य और शूद्र। शूद्रों की दशा अच्छी नहीं थी और उन्हें अछूत समझा जाता था। उनके मंदिर प्रवेश तथा धार्मिक उत्सवों में भाग लेने पर रोक थी। उन्हें विद्यालयों में भी प्रवेश नहीं लेने दिया जाता था। समाज में नारी की स्थिति तथा दशा सम्मानजनक थी। समाज में बालि ववाहत थास तीप्ऱथाय दा–कदाि दखाईद ेतेथ ो।म ंदिरोंम ें देवदासीप्ऱथा,न ारियोंव ेद ेहश ोषणक ाम ाध्यमथ ाी।स माजम ें महिला दास भी थीं।

(iii) चोल राजा कला तथा शिल्पकारी में भी रूचि लेते थे। उन्होंने तंजौर में वृहदेश्वर के मंदिर का निर्माण द्रविड़ शैली में कराया। गंगईकोण्डा चोलपुरम के मंदिर की छत में टेपर देकर पत्थरों की शिल्पकारी की गई है। बाहरी दीवारों को पत्थर की शिल्पकारी से सजाया गया है। शिल्पकारों ने राजाओं की मूर्तियाँ तथा भक्तों और भगवानक ेप्ऱतिमाएँक ाँसेक ेब नाईथ ाीं।इ नप्ऱतिमाओंक ेप ूरे विश्व में कला के उत्कृष्ट नमूने माना गया है।

मंदिरों की छतों, दीवारों, चबूतरों, खंभों तथा अन्य जगहों पर स्थापत्य कला से संबधित सजावट की गई थी। एलोरा के कैलाश मंदिर तथा ऐलिफेंटा गुफाओं में स्थापत्य कला के उत्कृष्ट नमूने भित्ति चित्रकारी को दर्शाते हैं।

मंदिरों के आँगन का उपयोग सभा करने, पंचायत में ग्रामीण मामलों पर चर्चा एवं बहस करने तथा उत्सवों व समारोहों को मनाने के लिए किया जाता था। मंदिरों के बरामदों में बच्चों को शिक्षा देने के लिए विद्यालय संचालित किए जाते थे।

(iv) दक्षिण भारत के सबसे महत्त्वपूर्ण राजपूत वंश राष्ट्रकूट की स्थापना 8वीं शताब्दी में दन्तिदुर्ग नाम के राजा ने की थी। वह

बादामी के चालुक्यों के पतन के उपरांत गद्दी पर बैठा था। उसने राँची, कोशल, गुजरात, कलिंग, मालवा और महाराष्ट्र के राज्यों को जीता था। उसने चालुक्य शासक को पराजित कर वल्लभी पर अधिकार कर लिया था। उसकी मृत्यु 758 ई. से कुछ समय पूर्व हुई थी। उसकी मृत्यु के पश्चात् उसका पुत्र कृष्ण प्रथम राजगद्दी पर बैठा। उसने 760 ई. तक चालुक्य वंशीय शासकों को पराजित किया। उसने एलोरा स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर, जो चट्टानों को काटकर बनाया गया है, का निर्माण कराया था।

इस वंश का अंतिम शासक कर्का द्वितीय था। उसको चालुक्य शासक तैला द्वितीय ने पराजित किया था। 975 ई. में इस वंश का अंत हो गया।

4. निम्नलिखित तिथियों का ऐतिहासिक महत्तव बताइए :

(i) **1012 – 1044 ई. :** अपने पिता राजराजा प्रथम की मृत्यु के बाद राजेंद्र प्रथम राजसिंहासन पर बैठा।

(ii) **1135 – 1150 ई. :** कुलोत्तुंग द्वितीय ने चोल साम्राज्य पर शासन किया।

(iii) **535 – 566 ई. :** पुलकेशिन प्रथम ने 535 ई. से 566 ई. तक शासन किया।

(iv) **973 – 997 ई. :** कल्याणी के चालुक्य वंश का संस्थपक तैला या तैलप था, जिसने 973 ई. से 997 ई. तक शासन किया था।

3 क्षेत्रीय राज्यों का उदय-II

रचनात्मक निर्धारण

1. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :

(i) (b) गुजरात से (ii) (a) चंद्रदेव

(iii) (b) 1179 – 1192 ई. (iv) (b) 1191 ई.

(v) परमार वंश से (vi) (a) देवपाल ने

(vii) (a) तोमर शासकों ने (viii) (a) 1025 ई.

2. निम्नलिखित को सुमेल कीजिए :

'अ'	'ब'
नागभट्ट प्रथम	मालवा के प्रतिहार
जयचंद	गहड़वाल वंश
पृथ्वीराज चौहान	चाहमान वंश
उपेन्द्रराज	परमार
भोजराज	गुर्जर-प्रतिहार
जयपाल	पाल वंश

3. सत्य या असत्य लिखिए :

(i) सत्य (ii) सत्य (iii) असत्य

(iv) सत्य (v) सत्य (vi) असत्य

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) अंतिम (ii) कन्नौज के गहड़वाल (iii) पृथ्वीराज तृतीय

(iv) राजधानी (v) दिल्ली (vi) अफगानिस्तान

5. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और उनसे संबंधित का नाम लिखिए:

(i) कौशाम्बी का चंद्र वंश (ii) पृथ्वीराज तृतीय

(iii) मुहम्मद गौरी (iv) एन-उल-मुल्क

(v) भोजराज (vi) बुंदेलखंड के चन्देल शासकों ने

(vii) गोपाल (vii) हरिभद्र

(ix) महमूद गजनवी (x) मुहम्मद गौरी

संकलित निर्धारण

1. एक पंक्ति में उत्तर :

(i) नागभट्ट प्रथम।

(ii) यशपाल।

(iii) मिहिरभोज गुर्जर-प्रतिहार वंश का प्रसिद्ध शासक था।

(iv) कन्नौज।

(v) मुहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान को 1192 ई. में तराइन के द्वितीय युद्ध में हराया।

(vi) तराइनक ाप हलाय ुद्ध1 191इ ं.म ेंल ड़ाग याअ ैरइ सय ुद्धम ें मुहम्मद गौरी हार गया था।

(vii) महमूद गजनवी ने।

(viii) देवपाल ने।

2. चार पंक्तियों में उत्तर :

(i) गुजरात के राजपूत राजाओं को प्रतिहार के नाम से जाना जाता था। नागभट्ट प्रथम इस वंश का संस्थापक था। उसके उपरांत मिहिरभोज, महेंद्रपाल प्रथम, महिपाल और उसके उत्तराधिकारी इस वंश के प्रमुख शासक हुए। इस वंश का अंतिम शासक यशपाल था।

(ii) मालवा के राजपूत परमार कहलाते थे। हरसौल अभिलेख में परमारों की उत्पत्ति दक्षिण भारत के राष्ट्रकूटों से मानी गई है। इस वंश के शासको ंने 790 ई. से 1305 ई. तक शासन किया। इस वंश का संस्थापक उपेन्द्रराज (790 - 817 ई;) को माना गया है। प्रारंभ में परमारों का शासन गुजरात में कायम हुआ था, लेकिन कुछ समय पश्चात उन्होंने मालवा में स्वयं को स्थापित कर लिया था। भोजराज परमार वंश का सबसे शक्तिशाली और विद्वान शासक हुआ था।

(iii) होयसल वंश के शासकों ने वर्तमान कर्नाटक के क्षेत्र पर शासन किया और इस वंश का सबसे प्रतापी राजा विष्णुवर्धन था। उसके शासनकाल में होयसल राज्य संपन्नता और शौर्य की चरम सीमा पर पहुँचा। बाद में दिल्ली सल्तनत के सुल्तान ने इस वंश को नष्ट कर दिया।

(iv) 8वीं शताब्दी के तीन शक्तिशाली वंशों–प्रतिहारों, पालों तथा राष्ट्रकूटोंव ेब ीचक न्नौजअ ैरग ंगाघ ाटीव ेंि हस्सोंप रअ पनी परमसत्ता हेतु संघर्ष अविरल जारी रहा, जिसे उत्कर्ष के लिए त्रिपक्षीय संघर्ष के नाम से जाना जाता है।

(v) तराइन के दो युद्ध लड़े गए। प्रथम युद्ध 1191 ई. में हुआ, जिसमें पृथ्वीराज चौहान तृतीय ने मुहम्मद गौरी को हराया था। द्वितीय युद्ध 1192 ई. में हुआ, जिसमें मुहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान तृतीय को हरा दिया तथा उसका वध कर दिया।

(vi) पाल वंश की स्थापना गोपाल ने बंगाल में 750 ई. में की। पाल राजाओं ने लगभग 400 वर्ष शासन किया। धर्मपाल इस वंश का सबसे प्रतापी, बहुमुखी प्रतिभा वाला तथा महान साहसी व्यक्ति था। उसने विक्रमशिला में एक बौद्ध मठ का निर्माण कराया था। उसके पुत्र देवपाल ने बोधगया (बिहार) में 'महाबोध मंदिर' का निर्माण कराया। धर्मपाल ने नालंदा विश्वविद्यालय (बिहार) की नींव रखी थी। उसने प्रसिद्ध बौद्ध लेखक हरिभद्र को आश्रय प्रदान किया था।

(vii) महमूद गजनवी अफगानिस्तान की एक छोटी-सी रियासत का सुल्तान था। उसने इस्लाम के प्रचार-प्रसार के लिए भारत के मंदिरों पर आक्रमण किए तथा जहाँ से उसने बड़ी मात्रा में धन, सोना, चाँदी, हीरे-जवाहरात आदि लूटे।

3. 10 पंक्तियों में उत्तर :

(i) बुंदेलखंड में चन्देल शासकों का उत्कर्ष हुआ था। हर्षवर्धन ने इस वंश की स्थापना की। बुंदेले चंद्रवंशीय राजपूत थे। इनमें प्रमुख शासकों में यशोवर्मन, धनगंधा, कीर्तिवर्मन तथा परमाल थे। कुतुबुद्दीन ऐबक ने परमाल को पराजित किया था। उन्होंने अनेक प्रसिद्ध मंदिरों का निर्माण कराया। इन मंदिरों में खुजराहो का कंदरिया महादेव मंदिर विश्व प्रसिद्ध है। उन्होंने महोबा को अपनी राजधानी बनाया। प्रसिद्ध चंदेल वीरों आल्हा और ऊदल की वीरता

की कहानियाँ गीतों के रूप में उत्तर भारत के गाँवों में बड़े जोश के साथ गाई जाती हैं। कीर्तिवर्मन ने महोबा के पास एक सुंदर झील का निर्माण कराया था।

(ii) महमूद गजनवी अफगानिस्तान की एक छोटी-सी रियासत का सुल्तान था। वह एक महत्त्वाकांक्षी शासक था तथा मध्य एशिया को विजित करना चाहता था। सेना का गठन करने के लिए उसे अधिक धन की आवश्यकता थी और इसे प्राप्त करने के लिए उसने भारत पर आक्रमण किया था। उसने राजा जयपाल और अनंगपाल पर आक्रमण किया तथा उन्हें युद्ध में पराजित किया। उन्होंने उसे बड़ी मात्रा में धन दिया। इसके बाद उसने इस्लाम के प्रचार-प्रसार के लिए भारत पर सत्रह बार आक्रमण किया तथा बड़ी मात्रा में सोना, चाँदी, हीरे-जवाहरात और धन लूटकर अपने देश गजनी वापसल ौटग या।उ सने1 025इ ्.म ेंग ुजराति स्थतस ोमनाथव े प्रसिद्ध मंदिर पर आक्रमण किया, जहाँ से उसने बड़ी मात्रा में धन, सोना, चाँदी, हीरे आदि लूटे तथा 1026 ई. में इस मंदिर को नष्ट कर दिया। इसके अतिरिक्त उसने मथुरा और कन्नौज के मंदिरों को लूटा। उसकी मृत्यु 1030 ई. में हुई।

(iii) मुहम्मद गौरी अफगानिस्तान के एक छोटे-से राज्य का शासक था। वह महमूद गजनवी की अधीनता में राज्य करता था। महमूद गजनवी की मृत्यु के बाद वह गजनी का शासक बना। वह अपने राज्यक ा विस्तारक रनाच ाहताथ ा।इ सीलिएउ सने1 191इ ्.म ें भारत पर आक्रमण किया परंतु दिल्ली के चौहान शासक पृथ्वीराज चौहान ने उसे तराइन के प्रथम युद्ध में पराजित कर दिया। उसने गहड़वाल वंश के शासक जयचंद को 12000 ई. में चंदावर के युद्ध में हरा दिया तथा उसको मार दिया। वह अपने सेनापति कुतुबुद्दीन ऐबक को अपने द्वारा विजित क्षेत्र को दे गया। मुहम्मद गौरी ने भारत में मुसलिम सत्ता स्थापित की।

4 दिल्ली सल्तनत (1206 – 1526 ई.)

रचनात्मक निर्धारण

1. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :

(i) (a) 1201 – 1290 ई.　(ii) (a) कुतुबुद्दीन ऐबक
(iii) (a) इल्तुतमिश　(iv) (a) बलबन
(v) (a) बलबन　(vi) (a) मेवाड़
(vii) (c) मुहम्मद तुगलक　(viii) (b) 1398 ई.
(ix) (c) हरिहर और बुक्का　(x) (b) कृष्णदेव राय
(xi) (a) बुद्धिमान आदमी　(xii) (a) हम्पी में

2. निम्नलिखित को सुमेल कीजिए :

'अ'	'ब'
कुतुबमीनार	नई दिल्ली
चारमीनार	हैदराबाद
गोल गुम्बज	बीजापुर
विट्ठल स्वामी मंदिर	हम्पी
तुगलकाबाद	दिल्ली
महमूद गवाँ का मदरसा	बीदर

3. सत्य या असत्य लिखिए :

(i) असत्य　(ii) सत्य　(iii) सत्य
(iv) सत्य　(v) असत्य

संकलित निर्धारण

1. एक पंक्ति में उत्तर :

(i) मुहम्मद गौरी ने।
(ii) कुतुबुद्दीन ऐबक ने।

(iii) कुतुबुद्दीन ऐबक, इल्तुतमिश, रजिया सुल्तान, नसिरूद्दीन महमूद तथा गियासुद्दीन बलबन।

(iv) कुतुबुद्दीन ऐबक को 'लाख बख्श' कहा जाता है।

(v) कुतुबुद्दीन ऐबक ने।

(vi) अजमेर (राजस्थान) में।

(vii) इल्तुतमिश, कुतुबुद्दीन ऐबक के दामाद को गुलाम वंश (दास वंश) का वास्तविक संस्थापक कहा जाता है।

(viii) रजिया सुल्तान।

(ix) जमालुद्दीन याकूत एक अबीसीनियाई गुलाम था, जिससे रजिया सुल्तान प्रेम करती थी।

(x) चालीसा 40 तुर्की अमीरो का एक दल था, जिसे इल्तुतमिश ने संपूर्ण राज्य पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए बनाया था। गियासुद्दीन बलबन ने चालीसा को समाप्त किया।

(xi) सिकन्दर लोदी ने।

(xii) सुल्तान के पैरों को चूमने की प्रथा पायबोस थी तथा सुल्तान के पैरों के सामने सिर को झुकाकर जमीन से छूने की प्रथा सिजदा थी।

(xiii) मुहम्मद बिन तुगलक।

(xiv) मुहम्मद बिन तुगलक ने।

(xv) विजयनगर साम्राज्य के प्रशासन में निकोलो कोण्टी तथा अब्दुर्रज्जाक भातर आए थे।

(xvi) कृष्णदेव राय।

(xvii) अलाउद्दीन बहमन शाह (हसन) ने बहमनी राज्य की स्थापना की।

2. चार पंक्तियों में उत्तर :

(i) इल्तुतमिश को अपने शासन के दौरान अनेक बाह्य और आंतरिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उसके विरोधियों में बहुत-से स्थानीय राजा और विद्वान थे, जिन्होंने उसका और उसके शासन का विरोध किया था।

(ii) रजिया सुल्तान, इल्तुतमिश की बेटी थी तथा वह दिल्ली सल्तनत की प्रथम और एकमात्र महिला मुसलिम शासक थी। वह संपूर्ण भारत की भी एकमात्र महिला मुसलिम शासिका था। इल्तुतमिश ने रजिया को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। परंतु उलेमाओं और सरदारों ने इसका खुलकर विरोध किया। रजिया ने लगभग 3 वर्ष और 8 माह शासन किया। वह राजदरबार में सुल्तान की पोशाक में बैठा करती थी तथा दरबार में बिना बुर्का पहने जाती थी। वह युद्ध में स्वयं घोड़े पर चढ़कर सैन्य संचालन किया करती थी क्योंकि वह बहादुर और बलवान थी।

(iii) अलाउद्दीन खिलजी जलालुद्दीन खिलजी (खिलजी वंश का संस्थापक) का भतीजा था। वह 1296 ई. में दिल्ली की गद्दी पर बैठा।

अलाउद्दीन खिलजी की बाजार नीति : उसकी बाजार व्यवस्था अद्वितीय प्रकार की थी। उसने योग्य, कुशल तथा ईमानदार बाजार निरीक्षकों की नियुक्ति की। ये लोग अपने अधीक्षक, जिन्हें 'शाहना' कहते थे, के अधीनस्थ रहते हुए बाजार पर नियंत्रण रखते थे। कम तोलने वाले तथा निर्धारित कीमत से ज्यादा वसूलने वाले दुकानदारों को दंड का प्रावधान था। गुप्तचर विभाग बाजार में बेची जाने वाली वस्तुओं के भावों और गुणवत्ता पर विशेष नजर रखता था। सुल्तान को बाजार के विषय में रोज सूचना दी जाती थी। बाजारों पर नियंत्रण रखने के लिए सरकारी गोदामों में वस्तुओं का भंडारण किया जाता था। बाजारों में सूखे के समय गोदामों से अनाज की पूर्ति की जाती थी। वह पहला सुल्तान था, जिसने सार्वजनिक वितरण प्रणाली शुरू की।

(iv) **विजय नगर साम्राज्य में स्थापत्य कला :** विजयनगर साम्राज्य के शासकों ने हम्पी में विट्ठलस्वामी मंदिर, हजारा मंदिर तथा विरूपाक्ष मंदिर का निर्माण कराया। इन मंदिरों की दीवारों पर सुंदर कलाकृतियों को उत्कीर्ण कराया गया है।

विजयनगर साम्राज्य में साहित्य : यहाँ के शासक साहित्य के महान पुजारी थे और उन्होंने तमिल, तेलुगु और कन्नड़ जैसी दक्षिण भारतीय भाषाओं तथा संस्कृत के प्रयाग पर बल दिया। कृष्ण देव राय स्वयं तेलुगु और संस्कृत का प्रकांड पंडित था। उसने तेलुगु भाषा में अमुक्तमाल्यादा नामक ग्रंथ की रचना की। उसके दरबार में माधव विदारक तथा सायन नाम के दो प्रसिद्ध कवि आश्रय पाए हुए थे। अलसानी उसके समय का तेलुगु भाषा का प्रसिद्ध कवि था।

(v) गियासुद्दीन बलबन, नासिरूद्दीन महमूद का सलाहकार था। वह नासिरूद्दीन वंश (गुलाम वंश) का सबसे महान सुल्तान माना जाता है। वह एक योग्य तथा अनुभवी शासक था। उसने अपने शासनकाल में अनेक महत्त्वपूर्ण कार्य किए थे। उसने दिल्ली को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पुलिस चौकियाँ स्थापित कीं। उसने दो ईरानी रिवाजों 'पायबोस' और 'सिजदा' को लागू किया। वह हमेशा न्याय के पक्ष में रहता था।

(vi) संपूर्ण बहमनी राज्य तरफों (प्रांतों) में विभाजित था और प्रत्येक तरफ, तरफदार या अमीर से शासित होता था। केंद्रीय सरकार का मुखिया वजीर (प्रधानमंत्री) कहलाता था। वजीर-ए-अशरफ (विदेशी मामलों का मंत्री), अमीर जुमला (वित्त मंत्री), तथा सदर-ए-जहाँ (धर्म और न्याय के मामलों का मंत्री) दूसरे अन्य महत्त्वपूर्ण व्यक्ति थे।

(viii) दक्कन के मुस्लिम शासकों, जिनमें अहमदनगर, गोलकुंडा और बीजापुर सम्मिलित थे, ने गोलकुंडा के शासक इब्राहिम कुतुबशाह के नेतृत्व में एक संघ बनाया, जिसने विजयनगर के हिंदू शासक से कृष्णा नदी के तट पर स्थित तालीकोटा नामक स्थान पर 1565 ई. में युद्ध किया। विजयनगर साम्राज्य की सेनाओं का सेनापतित्व रामराजा ने किया। वह पराजित हुआ तथा मारा गया। विजयी

मुसलिम सेनाओं ने विजयनगर में आग लगा दी और इस प्रकार इस वंश का अंत हो गया।

3. 10 पंक्तियों में उत्तर :

(i) गुलाम वंश की संस्थापना कुतुबुद्दीन ऐबक ने की थी। वह स्थापत्य कला में बहुत रूचि लेता था । उसने दिल्ली स्थित महरौली में कुतुबुद्दीन संत की यादगार में कुतुबमीनार का निर्माण शुरू कराया, जिसकी ऊँचाई 238 फीट है। उसने दिल्ली में कुव्वतुल-इस्लाम मसजिद तथा अजमेर (राजस्थान) में अढ़ाई दिन का झोंपड़ा नामक इमारतें भी बनवाईं।

(ii) **मुहम्मद बिना तुगलक की योजनाए :**

(1) राजधानी परिवर्तन : दक्षिणी राज्यों के प्रशासनिक नियंत्रण के लिए उसने 1327 ई. में अपनी राजधानी दिल्ली से दक्षिणी नगर देवगिरि (दौलताबाद) स्थानानंतरित कर ली परंतु वह इससे संतुष्ट नहीं हो सका और उसने इसे पुनः देवगिरी से दिल्ली स्थानांतरित कर दिया।

(2) दोआब में राजस्व और कर वृद्धि : राज्य की आय में वृद्धि करने के लिए उसने गंगा और यमुना के बीच (दोआब) में कृषकों की उपजाऊ जमीन पर कर बढ़ा दिए। जिस समय करों में वृद्धि की गई, उस समय वहाँ किसान सूखे का सामना कर रहे थे। परंतु सुल्तान के अफसरों ने इस दयनीय अवस्था में भी किसानों से बलपूर्वक कर वसूली जारी रखी। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि किसानअ पनेघ रोंअ ैरख ोतोंक ेछ ेड़करज ंगलोंक ीअ ोरभ ाग निकले और विद्रोह पर उतर आए।

(3) सांकेतिक मुद्रा का चलाना :म ुहम्मद ि बनत ुगलकव े समय दिल्ली सल्तनत की मुद्रा चाँदी के सिक्के थे। उधर उस समय दुनियाभर में चाँदी के उत्पादन में बहुत कमी आ रही थी। इस कमी को पूरा करने के लिए सुल्तान ने चाँदी के सिक्कों के स्थान पर

समान मूल्य के ताँबे के सिक्कों को जारी करने का हुक्म दिया। इन सिक्कों पर सुलतान की मोहर भी नहीं लगी होती थी। जनता ने इसका नाजायज फायदा उठाया तथा अपने घरों में ताँबे के सिक्के ढालने लगी। यह जाली मुद्रा थी, जिससे बाजार पट गया, परंतु विदेशी व्यापारियों ने इसे लेने से मना कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि देश से चाँदी बड़ी मात्रा में विदेशों में पहुँच गई और राज्य कोषागार में जाली मुद्रा इकट्ठी हो गई।

(iii) विजयनगरस ाम्राज्यद क्षिणभ ारतम ेंि स्थतथ ा,ि जसकीस् थापना हरिहर और बुक्का ने 1336 ई. में की थी। वे दोनों सगे भाई थे। उन्होंने दिल्ली सल्तनत की कमजोरी को बड़े नजदीक से देखा और मैसूर के समीप स्थित आधुनिक कर्नाटक में होयसल प्रांत को जीतकर स्वयं को 1336 ई. में विजयनगर का स्वतंत्र शासक घोषित कर दिया। उन्होंने हस्तिनावती (हम्पी) को अपनी राजधानी बनाया। विजयनगर साम्राज्य पर लगभग 230 वर्षों तक तीन वंशों (संगम वंश, सलुव वंश, तुलुव वंश) ने शासन किया। कृष्णदेव राय तुलुव वंश का सबसे प्रतापी, वीर, साहसी और विद्वान शासक था। उसने 1505 ई. से 1529 ई. तक विजयनगर पर शासन किया था। उसके शासनकाल में विजयनगर विकास और समृद्धि के चरम पर पहुँच गया था। उसके दरबार में अनेक विद्वान रहा करते थे। तेनालीराम उन विद्वानों में से एक था।

(iv) **लोदी वंश :** अफगान सरदार बहलोल लोदी ने दिल्ली में 1451 ई. में लोदी वंश की नींव रखी। लोदी वंश के शासकों का वर्णन निम्नलिखित है–

सिकन्दर लोदी : बहलोल लोदी की मृत्यु के बाद उसका बेटा सिकंदर लोदी 1489 ई. में दिल्ली की गद्दी पर बैठा। उसने बिहार और पश्चिम बंगाल को जीता तथा अपनी राजधानी दिल्ली से आगरा स्थानांतरित कर दी। उसने आगरा नगर की स्थापना की।

उसकी मृत्यु बीमारी से हुई तथा उसे दिल्ली में दफना दिया गया। उसका मकबरा नई दिल्ली में लोदी बाग में स्थित है।

इब्राहिमल ोदी: सिकंदर लोदी की मृत्यु के बाद उसका पुत्र इब्राहिम लोदी 1517 ई. में दिल्ली के सिंहासन पर आसीन हुआ। वह तुनक मिजाज और अत्याचारी प्रकृति वाला सुल्तान था। वह अमीरों से नाराज रहता था। कुछ अमीरों ने उसके विरुद्ध विद्रोह कर दिया था। स्वयं को स्वतंत्र शासक घोषित कर दिया था। 1526 ई. में पानीपत (हरियाणा) के मैदान में बाबर और इब्राहिम लोदी के बीच भयंकर युद्ध हुआ। इब्राहिम लोदी मारा गया और बाबर दिल्ली का सुलतान बन बैठा।

(v) महमूद गवाँ का जन्म ईरान में हुआ था तथा दक्षिण भारत में उसने स्वयं को स्थापित कर लिया था। शुरू में वह बहमनी सुल्तान के दरबार में एक कर्मचारी के रूप में नियुक्त हुआ था और अपनी बुद्धि के आधार पर कुछ ही दिनों में उसे राज्य का वजीर या प्रधानमंत्री नियुक्त कर दिया गया। वह हिंदू विरोधी था, इसलिए उसने हिंदुओं के विरुद्ध एक अभियान छेड़ दिया। उसने कोंकण, बीसलगढ़ तथा उड़ीसा के राजाओं को पराजित किया। वह उर्दू का अच्छा ज्ञाता था। शिक्षा के विकास के लिए उसने बीदर में प्रसिद्ध मदरसे और महाविद्यालय की स्थापना कराई। उसकी हत्या मुहम्मद तृतीय ने कर दी।

(vi) **विजय नगर साम्राज्य के शासकों द्वारा बनवाए गए मंदिरों के नाम तथा स्थान :** विजय नगर साम्राज्य के शासकों ने हम्पी में विट्ठलस्वामी मंदिर, हजारा मंदिर तथा विरूपाक्ष मंदिर का निर्माण कराया।

गुलामवंश के शासकों द्वारा निर्मित ऐतिहासिक इमारतों के नाम एवं स्थान :

ऐतिहासिक इमारतें	स्थान
कुतुबमीनार	दिल्ली
कुव्वतुत-इस्लाम मसजिद	दिल्ली
अढ़ाई दिन का झोंपड़ा	अजमेर (राजस्थान)

4. निम्नलिखित शब्दों की व्याख्या कीजिए :

(i) **शाहना :** अलाउद्दीन खिलजी की बाजार व्यवस्था अद्वितीय प्रकार की थी। उसने योग्य, कुशल तथा ईमानदार बाजार निरीक्षकों की नियुक्ति की। ये लोग अपने अधीक्षक के अधीनस्थ रहते हुए बाजार पर नियंत्रण रखते थे। इन अधीक्षकों को 'शाहना' कहते थे।

(ii) **चालीसा:** 40 तुर्की अमीरों का एक दल, जिसे इल्तुतमिश ने बनाया था।

(iii) **उलेमा :** इस्लाम के विद्वान उलेमा कहलाते हैं।

(iv) **सांकेतिक मुद्रा :** मुहम्मद बिना तुगलक ने चाँदी के उत्पादन में कमी आने के कारण चाँदी के सिक्कों के स्थान पर समान मूल्य के ताँबे के सिक्कों को जारी करने का हुक्म दिया। यही सांकेतिक मुद्रा थी।

(v) **इक्ता :** इल्तुतमिश ने पूर्ण साम्राज्य को छोटे-छोटे भागों में विभक्त किया, जिन्हें 'इक्ता' कहते थे।

5 मुगल और उनका साम्राज्य

रचनात्मक निर्धारण

1. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :

(i) (a) बाबर (ii) (b) 1526 - 1712 ई.

(iii) (a) 1539 ई. (iv) (c) गुलबदन बानो बेगम

(v) (a) मोहम्मद लोहानी (vi) (a) मेवाड़

(vii) (a) शेरशाह सूरी (viii) (a) अकबर

(ix) (a) अकबर (x) (a) बहादुरशाह जफर

(xi) (a) अकबर का संरक्षक (xii) (a) चित्रकार

(xiii) (c) फतेहपुर सीकरी (xiv) (b) सिकन्दरा

(xv) (d) राणा उदयसिंह

2. निम्नलिखित को सुमेल कीजिए :

'अ'	'ब'
पानीपत का प्रथम युद्ध	1526 ई.
पानीपत का द्वितीय युद्ध	1556 ई.
हल्दीघाटी का युद्ध	1576 ई.
चन्देरी का द्वितीय युद्ध	1528 ई.
कन्नौज का द्वितीय युद्ध	1540 ई.
चौसा का द्वितीय युद्ध	1539 ई.

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) राणा साँगा (ii) हुमायूँ (iii) रूपिया

(iv) सुलहकुल (v) 1608 (vi) शहजादा खुर्रम

4. सत्य या असत्य लिखिए :

(i) सत्य (ii) असत्य (iii) सत्य

(iv) सत्य (v) असत्य

संकलित निर्धारण

1. एक पंक्ति में उत्तर :

(i) मुगल वंश की स्थापना अफगानी तुर्क बाबर ने सन् 1526 ई. में की थी।

(ii) शेरशाह सूरी ने।

(iii) चौसा का युद्ध तथा कन्नौज का युद्ध।

(iv) पानीपत का प्रथम युद्ध 1526 ई. में और द्वितीय युद्ध 1556 ई. में लड़े गए।

(v) टोडरमल।

(vi) रूपिया।

(vii) 'हुमायूँनामा' गुलबदन बेमन ने तथा 'अकबरनामा' अबुल फजल ने लिखी।

(viii) किसान सरकार को लिखित में भूमि रिकॉर्ड उपलब्ध कराते थे। यह कबूलियत कहलाता था।

(ix) राजस्थान के मेवाड़ राज्य के राजपूत राजा राणा प्रताप ने अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की।

(x) ताजमहल, लालकिला, जामा मसजिद, मसजिद-ए-जहाँनामा (मोती मसजिद)।

(xi) ईरान का शासक नादिरशाह।

(xii) चाँद बीबी तथा रानी दुर्गावती।

(xiii) अकबर द्वारा प्रतिपादित नया धर्म या ईश्वर का धर्म दीन-ए-इलाही था।

(xiv) दाराशिकोह शाहजहाँ का पुत्र था।

2. चार पंक्तियों में उत्तर :

(i) शेरशाह सूरी का बचपन का नाम फरीद था। उसके पिता सासाराम (बिहार) के जागीरदार थे। वह अफगान का एक शक्तिशाली शासक था।

शेरशाह सूरी के प्रजा की भलाई के कार्य :

(1) उसने पूरे राज्य में निश्चित मानक के वजन वाले सिक्के चलाए, जिन्हें रूपिया कहा जाता था।

(2) उसने पेशावर से कोलकाता तक ग्रांड ट्रंक रोड (जी.टी. रोड) का निर्माण कराया। इसके अतिरिक्त उसने अनेक राजमार्गों का निर्माण भी कराया, जिसने उसके शासनकाल में संचार और व्यापार को चरम पर पहुँचाया।

(3) उसने शिक्षा के विकास के लिए राज्य में मदरसों और मकतबों को स्थापित कराया।

(4) उसने सड़कों के दोनों किनारों पर वृक्ष लगवाए ताकि यात्रियों को फल, छाया और आराम करने के लिए शरणस्थल मिल सकें।

(5) उसने दिल्ली के नजदीक शेरपुर नगर की स्थापना की।

(ii) **पानीपत का द्वितीय युद्ध :** पानीपत के मैदान में 1556 ई. में अकबर के संरक्षक बैरम खाँ और आदिलशाह के हिंदू सेनापति हेमू के बीच एक घमासान युद्ध लड़ा गया। बैरम खाँ ने हेमू की आँख के बीच से तीर निकाल दिया तथा उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। इस युद्ध को भारतीय इतिहास में पानीपत के द्वितीय युद्ध के नाम से जानते हैं। इस युद्ध के बाद अकबर मुगल वंश का प्रसिद्ध शासक बन गया।

(iii) हल्दीघाटी का युद्ध अकबर के सेनापति मानसिंह और मेवाड़ के शासक राणा प्रताप के बीच 1576 ई. में हल्दीघाटी के मैदान में हुआ था। भारतीय इतिहास में यह हल्दीघाटी के युद्ध के नाम से जाना जाता है। इस युद्ध में राणा प्रताप को मुगल सेना ने हरा दिया था। वह भागकर जंगलों में जा छिपा, जहाँ से उसने युद्ध को जारी रखा था। उसने जीवनभर अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की।

(iv) अबुल फजल, फैजी, मिर्जा अजीज कोका, टोडरमल, अब्दुर्रहीम, खान-ए-खाना, राजा मानसिंह, राजा बीरबल, राजा भगवानदास तथा तानसेन अकबर के दरबार में नौ रत्न थे।

(v) जहाँगीर के समय कई यूरोपीय यात्री भारतीय व्यापार की कीमती वस्तुओं की ओर आकर्षित हुए। ईस्ट इण्डिया कम्पनी का एक प्रतिनिधि, विलियम हॉकिन्स जहाँगीर के समय 1608 ई. में भारत आया और वह तीन वर्ष तक जहाँगीर के शासन क्षेत्र में ठहरा। उसके बाद 1615 ई. में दूसरा ब्रिटिश नागरिक सर टॉमस रो भारत में राजदूत बनकर आया। दोनों ने जहाँगीर से भारत में व्यापार करने

की अनुमति माँगी।

उसके शासनकाल में पुर्तगालियों ने भी भारत के साथ व्यापार करने की अनुमति माँगी थी। पुर्तगाल और भारत के बीच विदेश व्यापार करने का मुख्य कारण पुर्तगाल की मजबूत और उपकरणों से सुसज्जित नौसेना थी।

(vi) औरंगजेब कट्टर सुन्नी मुगल बादशाह था, उसे जिन्दा पीर या जीवित संत के नाम से पुकारा जाता था। वह हिंदुओं का कट्टर दुश्मन था, इसीलिए उसने उनके मंदिरों को नष्ट-भ्रष्ट करा दिया और मसजिदों में परिवर्तित करा दिया। उसने हिंदुओं को बलपूर्वक मुसलमान बनाया। उसने गैर-हिंदुओं पर जजिया तथा मुसलमानों पर जकात नाम के कर लगाए। उसने केवल मुसलमानों को उच्च प्रशासनिक पदों पर नियुक्त किया, जिससे उसकी धार्मिक भेदभाव की प्रकृति का पता चलता है। औरंगजेब ने हिंदुओं को अपने त्योहार मनाने की अनुमति नहीं दी तथा दीवाली के अवसर पर बाजारों में प्रकाश करने पर रोक लगा दी। उसके शासनकाल में मूर्तिपूजा और धर्म यात्राओं पर पूर्णतया रोक लगा दी गई थी।

(vii) औरंगजेब की मृत्यु के बाद मुगल साम्राज्य का पतन प्रारंभ हो गया। उसके पतन के निम्नलिखित कारण थे–

(1) मराठा जैसे स्वतंत्र राज्यों का उदय होना।

(2) औरंगजेब की धार्मिक तथा दक्कन नीति।

(3) अमीरों और राजाओं की वैभवपूर्ण तथा खर्चीली आदतें।

(4) औरंगजेब की शिक्षा विरोधी नीति।

(5) अत्यधिक विशाल साम्राज्य पर नियंत्रण न रख सकना।

(6) अमीरों द्वारा सर्वाधिक लाभकारी जागीरों को विजित करने की लालसा।

(7) किसानों और जमीदारों का असंतुष्ट होना।

(8) मुगल वंश के कमजोर और सुस्त उत्तराधिकारी।

(9) 1739 ई. में नादिरशाह का आक्रमण।

3. 10 पंक्तियों में उत्तर :

(i) **अकबर की मनसबदारी प्रथा :** अकबर ने इस तथ्य को भली प्रकार जान लिया था कि एक शक्तिशाली सेना के बिना साम्राज्य विस्तार की बात करना व्यर्थ होगा। इसके लिए उसे सैनिकों और सैन्य अधिकारियों को संगठित करना पड़ा। उसने इस कार्य को संपन्न करने के लिए नई सैन्य व्यवस्था, जिसे मनसबदारी प्रथा कहते थे, को लागू किया। मनसबदार मुगल सेना में एक ओहदा या अधिकारी का पद होता था। मनसबदार को सेना में सैनिकों, हाथियों, घोड़ों, गाड़ियों और ऊँटों को एक निश्चित संख्या का प्रबंध सँभालना होता था। पूरी मुगल सेना में हजारों की संख्या में मनसबदार थे। उन्हें सरकारी अधिकारी या नौकरशाही के नाम से जाना जाता था। मनसबदारों को नकद वेतन दिया जाता था। उन्हें गैर-सैनिक कर्त्तव्यों का निर्वहन भी करना पड़ता था। किसी मनसबदार की मृत्यु होने पर बादशाह उसकी जागीर को जब्त कर लेता था। मनसबदारों की 10 से 10,000 तक 33 श्रेणियाँ थीं।

(ii) नूरजहाँ जहाँगीर की पत्नी थी। उसका असली नाम मेहरून्निसा था। वह न केवल अति सुंदर थी बल्कि एक बुद्धिमान बेगम भी थी। उसका पति जहाँगीर शराबी था और एक कामुक जीवन जीने का आदी था। उसने अपना सारा जीवन शराब और शबाब में नष्ट कर दिया था। इस कारण नूरजहाँ अपने पति के नाम से मुगल साम्राज्य पर शासन करने लगी। वह अपने पति जहाँगीर को राज्य के महत्त्वपूर्ण विषयों पर सलाह-मशविरा दिया करती थी। वह सुंदरता, बुद्धिअ ारस ाहसक ापत्रिमूर्तिथ ी।व हअ पनेप तिज हाँगीरव े साथ शिकार पर जाया करती थी तथा उसने कई शेरों को मार गिराया था। युद्ध क्षेत्र में भी वह जहाँगीर का साथ दिया करती थी। नूरजहाँ को कला और साहित्य में भी गहरी रूचि थी। इन्हीं कारणों

से नूरजहाँ प्रसिद्ध थी।

(iii) अकबर ने अपने संपूर्ण साम्राज्य को केंद्र, प्रांतों, परगनों तथा गाँवों में बाँट रखा था। केंद्र का मुखिया स्वयं बादशाह होता था। वह रक्षा प्रशासन तथा न्याय के विभागों को स्वयं देखता था। वित्तीय मामलों का प्रधान दीवान था। प्रांत का मुखिया सूबेदार होता था। दीवान-बख्शी और कोतवाल सूबेदार के कार्य में हाथ बँटाते थे। कानून और अपराध विभाग का मुखिया दीवन-बख्शी राज्य के बजट तथा राजस्व का हिसाब-किताब देखता था। कोतवाल शहर के प्रशासन को चलाता था। शिकदार परगने का मुखिया था। उसका मुख्यक ार्यप रगनेम ेंक ानून० यवस्थाब नाएर खनाथ ाा।अ ामिल, कानूनगो और फोतदार को राजस्व इकट्ठा करने के अधिकार दिए गए थे। शिकदार राजस्व और फसलों तथा राजकोष का लेखा-जोखा रखता था।

गाँवों का प्रशासन मुकद्दय या प्रधान चलाता था, जो ग्राम स्तर पर कानून और व्यवस्था को बनाए रखता था। पटवारी राजस्व का लेखा-जोखार खताथ ाात थाच ौकीदारग ाँवक ोस ुरक्षाक ाप्रबंध करता था।

(iv) **शाहजहाँ के शासनकाल की स्थापत्य कला :** शाहजहाँ को इमारतें बनवाने का बड़ा शौक था। उसने आगरा में यमुना किनारे विश्वप्रसिद्ध प्रेम की प्रतीक आलीशान इमारत ताजमहल का निर्माण अपनी प्रिय बेगम मुमताज महल की याद में कराया। ताजमहल को बनने में 20 वर्ष का समय लगा तथा 3 करोड़ रूपए लगे। दिल्ली में उसने लाल किला तथा जामा मसजिद का निर्माण कराया। उसकी इमारतें लाल बलुआ पत्थर तथा संगमरमर की बनी हैं। शाहजहाँ ने अपनी इमारतों में मुसलिम तथा हिंदू स्थापत्य शैलियों का प्रयोग कराया था।

इसके अतिरिक्त उसने आगरा में मसजिद-ए-जहाँनामा (मोती

मसजिद) तथा हीरे-जवाहरातों से जड़ा हुआ मयूर सिंहासन (तख्ते-ताऊस) भी बनवाया। विश्व प्रसिद्ध हीरा कोहिनूर इसी सिंहासन में जड़ा था।

(ii) **लिंग की भूमिका :** समाज स्त्रियों और पुरुषों तथा लड़के और लड़कियों से विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं और व्यवहार की आशा करता है। प्राचीन समय से ही कुछ काम स्त्रियों के द्वारा तथा कुछ पुरुषों के द्वारा किए जाते थे। समय बीतने के साथ-साथ कुछ काम पुरुषों के लिए तथा कुछ काम स्त्रियों के लिए निश्चित हो गए। जैसे–पुरुषों के लिए खेत जोतना, बोझा ढोना, परिवार के भरण-पोषण के लिए बाहर से धन कमाना आदि और स्त्रियों के लिए घर चलाना, बच्चों की देखभाल करना, खाना पकाना, सफाई करना, गीत गाना आदि। इसके विपरीत यदि कोई पुरुष घर में खाना बनाने या बच्चों की देखभाल करने का काम और स्त्री खेत जोतने, दुकान चलाने या ट्रक चलाने का काम करे तो ये कार्य विपरीत प्रकृति के होंगे।

(iii) **विद्यालयों में लिंग की भूमिका :** विद्यालयों में पढ़ने-लिखने,

बोलने,ο यायामक रनेअ ादिं क्रियाओंम ें लंगस मानताद ेखनेम ें आती है। इसके अलावा छात्र और छात्राएँ विद्यालय में आपसी व्यवहार बड़ों से, छोटों से, बराबर वालों से और जूनियरों तथा सीनियरों से व्यवहार करना भी सीखते हैं। यहीं पर उन्हें अजनबियों तथा सगे-संबंधियों से व्यवहार करना सिखाया जाता है। यही व्यवहार उनमें सहकारिता, सहयोग, ईमानदारी, स्वतंत्रता आदि गुणों का विकास करता है। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की वेशभूषा उनकी शारीरिक बनावट में अंतर के कारण अलग-अलग निर्धारित की जाती है। छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग विद्यालयों की स्थापना की गई है जबकि कुछ विद्यालय दोनों के लिए खुले हैं।छ ात्राओंव ेर्ि वद्यालयोंक ीब नावटछ ात्रोंव ेर्ि वद्यालयोंस े कुछ मामलों में भिन्न होती है।

(iv) **स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने में लिंग असमानता :** सन् 2001 की जनगणना के अनुसार हमारे देश में लिंगानुपात 933 : 1000 है। इस अंतर का कारण लड़कियों को बेकार स्वास्थ्य सुविधाओं का उपलब्ध कराना है। यदि देहात में कोई लड़की बीमार पड़ जाती है तो उसे गाँव के किसी झोला छाप डॉक्टर से दवाई दिलाकर खानापूर्ति कर दी जाती है। कभी-कभी बच्ची का इलाज ठीक न होने के कारण उसकी मौत भी हो जाती है। यदि लड़की बच जाती है तो उसे ठीक इलाज न दिलाकर भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। हमारे देश में लिंगानुपात दिन-प्रतिदिन घट रहा है। देश के कुछ हिस्सों में गर्भ में ही कन्या भ्रूण की हत्या कर दी जाती है। इसका पता वे पूर्व लिंग परीक्षण के द्वारा लगा लेते हैं।

(v) महिलाएँ घरों में सुबह से लेकर देर रात्रि तक बहुत-सारा कार्य करती हैं, परंतु उनके कार्यों को महत्त्वहीन समझा जाता है। घरों की साफ-सफाई, भोजन पकाना, कपड़े धोना, बच्चों को पढ़ाना, बाजार से सामान खरीदना, पशुओं का दूध दुहना, पशुओं को चारा

काटकर डालना, सिलना तथा खेतों पर काम करना-सभी कार्य घर पर रहकर महिलाओं द्वारा किए जाते हैं। ये गृहिणियाँ प्रतिदिन 12 घंटों से ज्यादा काम करती हैं, परंतु इनके द्वारा किए गए कार्यों को महत्त्व नहीं दिया जाता क्योंकि ऐसा समझा जाता है कि स्त्रियों द्वारा किए जाने वाले ये कार्य आसान, नम्र तथा घर पर किए जाने वाले हैं। इन्हें कार्यों अथवा मेहनत करने में नहीं गिना जाता। जिसका कारण यह है कि ये कार्य कमाई के साधन नहीं हैं, इनसे कोई आय प्राप्त नहीं होती।

3. 10 पंक्तियों में उत्तर :

(i) महिलाओं की सामाजिक असमानता निम्नलिखित प्रकार से पाई जाती है :

(1) परिवार में : अनेक परिवार लड़कियों की अपेक्षा लड़कों से अच्छा व्यवहार करते हैं। माताएँ अपने बेटों को बेटियों की अपेक्षा अच्छा भोजन, कपड़े, खिलौने और शिक्षा उपलब्ध कराती हैं। महिलाएँ होते हुए भी वे अपनी बेटियों से बुरा व्यवहार करती हैं।

(2) स्वास्थ्य की रक्षा करने में : यदि देहात में कोई लड़की बीमार पड़ जाती है तो उसे झोलाछाप डॉक्टर से दवाई दिलाकर खानापूर्ति कर दी जाती है। कभी-कभी बच्ची का इलाज ठीक न होने के कारण उसकी मौत भी हो जाती है। यदि लड़की बच जाती है तो उसे ठीक इलाज न दिलाकर भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। देश के कुछ हिस्सों में गर्भ में ही कन्या भ्रूण की हत्या कर दी जाती है।

(3) शिक्षा में : कुछ लोग अपनी बेटियों की अपेक्षा, बेटों को महँगे विद्यालयों में शिक्षा दिलाने के लिए दाखिल कराते हैं तथा बेटों की शिक्षा पर बहुत अधिक पैसा खर्च करते हैं। उनका विश्वास है कि बेटे उनकी दौलत हैं और वे ही उन्हें कमाकर धन देंगे। दूसरी ओर उनके विचार में लड़कियाँ पराया धन होती हैं।

(ii) **मजदूरी के संदर्भ में आर्थिक असमानता :** मजदूरी के मामले में भीम हिलाओंस ेप क्षपातपूर्णअ ौरअ समानताक ाॅ यवहारि कया जाता है। अनेक राज्यों में महिला मजदूरों को पुरुष मजदूरों की अपेक्षा बहुत कम मजदूरी दी जाती है। उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन या मजदूरी नहीं दी जाती। एक पुरुष कुली प्रतिदिन 150 रुपये मजदूरी प्राप्त करता है जबकि महिला कुली को उतने ही कार्य तथा उतने ही समय के लिए 100 रुपये दिए जाते हैं।

पैतृक संपत्ति :

(iii) सरकार ने महिलाओं की असमानता से सुरक्षा के लिए अनेक कार्यक्रम और योजनाएँ चलाई हैं ताकि वे असमानता का शिकार न बन सकें। इनमें से कुछ योजनाएँ निम्नलिखित हैं–

(1)स भीम हिलाओंक ेल ेकसभा,ि वधानसभा,ग्र ामप ंचायतों, तथा स्थानीय निकायों के सदस्यों को चुनने के लिए समान मताधिकार प्रदान किया गया है।

(2) हिंदू उत्तराधिकार कानून के अनुसार महिलाओं को अपने माता-पिता और पति की संपत्ति में बराबर का अधिकार प्रदान किया गया है।

(3) राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना 1992-93 में की गई थी। इससे गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली महिलाओं को 5000रु पयेत कक ाॠ णअ ासानअ ौरि रयायती ब्याजद रोंप र स्वीकृत किया जाता है ताकि वे अपनी जीविका के लिए कोई छोटा-मोटा व्यापारिक काम शुरू कर सकें।

(4) राजनीतिक भागीदारी हेतु स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए कुल सीटों की 1/3 सीट आरक्षित की गई हैं। 15वीं लोकसभा में 58 महिला सांसद हैं।

(5) केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों ने अनेक कन्या विद्यालयों की स्थापना की है, जहाँ वे बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा ग्रहण करती हैं। छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा, वजीफा (छात्रवृत्ति), साइकिलें, पुस्तकें तथा मिड-डे मील भी प्रदान किए जाते हैं।

(6) दहेज दुर्घटनाओं, बाल विवाहों, बलात्कार, अपहरण आदि को रोकने के लिए सरकार ने विभिन्न कानून पारित किए हैं।

(7)ह मारेद ेशम ेंम हिलाएँस रकारीअ ौरग ैर-सरकारीक्ष ेत्रोंम ें अति महत्त्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं, जिससे उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

4. निम्नलिखित के कारण दीजिए :

(i) क्योंकि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में लिंग की विभिन्न भूमिकाएँ होती हैं। लिंग की भूमिकाओं को बदला जा सकता है परंतु स्त्री या पुरुष का यौन गुणसूत्रों (क्रोमोसोम) द्वारा निश्चित होता है और इसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता।

(ii) समय बीतने के साथ-साथ कुछ काम पुरुषों के लिए तथा कुछ काम स्त्रियों के लिए निश्चित हो गए। जैसे–पुरुषों के लिए खेत जोतना, बोझा ढोना, धन कमाना आदि और स्त्रियों के लिए घर में रहकर खाना पकाना, सफाई करना आदि। अतः महिला द्वारा जमीन की जुताई करना एक विचित्र कार्य होगा।

(iii) क्योंकिम हिलाओंद ्वाराघ ारप रि कएज ानेव ालेक ार्यअ ायव ्े साधन नहीं हैं।

(iv) कन्या भ्रूण हत्या तथा लड़कियों को स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाने के कारण हमारे देश में दिन-प्रतिदिन लिंगानुपात घट रहा है।

(v) क्योंकि ऐसे लोगों का विश्वास है कि बेटे उनकी दौलत हैं और वे ही उन्हें धन कमा कर देंगे। जबकि लड़कियाँ पराया धन होती हैं।

4 जनसंचार माध्यम और विज्ञापन की दुनिया को जानिए

रचनात्मक निर्धारण

1. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :

(i) (d) इनमें से कोई नहीं

(ii) (b) उत्पाद का उपभोग करता है

(iii) (a) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (iv) (c) 2005 ई.

2. सत्य या असत्य लिखिए :

(i) असत्य (ii) सत्य (iii) सत्य

(iv) असत्य (v) सत्य

3. निम्नलिखित को सुमेल कीजिए :

'अ'	'ब'
पत्रिका	प्रिंट मीडिया
रेडियो	इलेक्ट्रॉनिक मीडिया
उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम	1986 ई.
सूचना का अधिकार अधिनियम	2005 ई.
धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है	सामाजिक विज्ञापन
एक कमीज खरीदिए तथा एक मुफ्त पाइए	व्यावसायिक विज्ञापन

4. निम्नलिखित का उत्तर केवल एक शब्द में दीजिए :

(i) अखबार (ii) टीवी (iii) विज्ञापन

(iv) सामाजिक विज्ञापन

(v) उपभोक्ता संरक्षण का अधिनियम

संकलित निर्धारण

1. एक पंक्ति में उत्तर :

(i) मीडिया से तात्पर्य उस साधन से है, जिसके माध्यम से हम समाज में विचारों का आदान-प्रदान करते हैं।

(ii) विज्ञापनव हप् क्रियाह ै,ि जसकेद ्वाराल ोगोंक ा ध्यानउ त्पादों, वस्तुओं, सेवाओं और विचारों की ओर आकर्षित किया जाता है।

(iii) मीडिया दो प्रकार का होता है—इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया।

(iv) टीवी, रेडियो, इंटरनेट, सिनेमाघर, समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं, इश्तहारों, कंप्यूटर आदि मीडिया के साधन हैं।

(v) विज्ञापन दो प्रकार का होता है—1. सामाजिक विज्ञापन, 2. व्यवसायिक विज्ञापन।

(vi) जब कंपनियाँ अपने उत्पादों को बेचने के लिए विभिन्न प्रकार के साधनों के माध्यम से व्यापारिक (व्यावसायिक) विज्ञापन दिखाती हैं तो यह प्रक्रिया उपभोक्ता विज्ञापनीकरण कहलाती है।

(vii) जब कोई भी विज्ञापन जनता, सरकार या अन्य किसी एजेंसी से नियंत्रित या प्रभावित नहीं होता, तो इसे स्वतंत्र विज्ञापन कहते हैं।

(viii) 2005 ई. में

2. चार पंक्तियों में उत्तर :

(i) **मीडिया की आय और व्यय :** मास मीडिया समाचारों और कार्यक्रमों को प्रचारित और प्रसारित करने के लिए विभिन्न प्रकार की तकनीकों; जैसे—विद्युत, ध्वनि रिकार्डों, ट्रांसमिशन उपग्रहों तथा मानव; जैसे—समाचार वाचक, कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले आदि का प्रयोग करता है। इन सब पर मीडिया को ढेर सारा धन खर्च करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त मीडिया नई-नई तकनीकी सेवा लेने में भी धन खर्च करता है। इन सभी कार्यों के लिए धन प्राप्त करने के लिए मीडिया टीवी पर विशेष ब्रांड वाली विभिन्न वस्तुओं; जैसे—कार, वस्त्र, पेन, कोल्ड ड्रिंक, चॉकलेट, मोबाइल फोन, साबुन वाशिंग पाउडर आदि के विज्ञापन देता है; जिससे उसे अच्छी आय प्राप्त होती है। इसी प्रकार समाचार-पत्र, दैनिक

उपयोग की अनेक वस्तुओं, मशीनों, रोजगार विज्ञप्तियों, निविदाओं, वैवाहिक विज्ञापनों, प्रवेश सूचनाओं आदि को विज्ञापित करता है। ये सभी इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया की आय के स्रोत हैं। इस प्रकार विज्ञापनों से मीडिया को निरंतर आय प्राप्त होती रहती है।

(ii) **मीडिया की आचार संहिता और जवाबदेही :** मीडिया की राष्ट्र और इसके नागरिकों से संबंधित कुछ निश्चित आचार संहिता और जवाबदेही है, जिनका पालन मीडिया को अवश्य करना चाहिए। मीडिया को व्यापारिक घरानों, सरकार या सत्ताधारी दल के किसी बड़े नेता के दबाव और प्रभाव में नहीं आना चाहिए। इसे स्वतंत्रतपूर्वक ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपना काम करना चाहिए। यह मीडिया की जिम्मेदारी है कि वह खबरों तथा घटनाओं कोइ ‍मानदारीअ ौरस्‍ पष्टतापूर्वकि दखाएत थाअ खबारोंम ‍ेंछ ापे। उसका यह भी कर्तव्य है कि समय-समय पर सरकार जनता की भलाई के लिए जो योजनाएँ, कार्यक्रम आदि बनाती है, उन्हें जनता के सामने लाए। मीडिया को उन बेहूदे चैनलों और कार्यक्रमों को बंद करना चाहिए, जिन्हें परिवार के सदस्य एक साथ बैठकर न देख सकें। कुछ समाचार पत्र-पत्रिकाएँ महिलाओं के अश्लील फोटो छापते हैं, उन पर तुरंत रोक लगानी चाहिए। समाचार-पत्रों को अपने पूर्ववर्ती संस्करण में गलतियों और गलत सूचनाओं हेतु एकदम आगे के संस्करण में बिना किसी देरी के गलतियों का शुद्धीकरण प्रकाशित करना चाहिए। मीडिया को लोगों की गोपनीयता को भंग नहीं करना चाहिए। इसे राष्ट्र और समाज की सुरक्षा करनी चाहिए। मीडिया को घटनाओं को प्रचारित और प्रसारित करने के लिए असभ्य, भद्दे तथा अश्लील चित्रों, मुखकृतियों, शब्द योजनाओं आदि का सहारा नहीं लेना चाहिए।

(iii) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के महत्त्वपूर्ण प्रावधान निम्नलिखित हैं–

(1) प्रत्येक सार्वजनिक प्रतिष्ठान (सरकार द्वारा स्थापित नियंत्रित या अनुदानित संस्था) को हिसाब का लेखा-जोखा रखना चाहिए ताकि समयानुसार उसे किसी भी सूचना के तहत आसानी से बिना देरी के उपलब्ध कराया जा सके।

(2) प्रत्येक सार्वजनिक प्रतिष्ठान को अपने संगठन, कार्यों, कर्त्तव्यों, महत्त्वपूर्ण नीतियों और निर्णयों तथा व्यय आदि के विषय में सूचनाएँ प्रकाशित करनी चाहिए।

(3) यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक सूचना अधिकारी, प्रशासनिक प्राधिकरण इकाइयों या कर्त्तव्यों के विषय में या किसी सरकारी निर्णय या काम की देरी या न होने के विषय में सूचना प्राप्त करना चाहता है तो उस व्यक्ति को सूचना उपलब्ध करानी पड़ेगी।

(iv) सूचना का अधिकार अनिधियम के लाभ निम्नलिखित हैं–

(1) यह सरकारी दस्तावेजों में दिए गए बिंदुओं को प्रमाणित करने में सहायक है।

(2) यह लोगों को शोषण से बचाता है।

(3) यह व्यक्ति में सरकारी और निजी अभिकरणों के द्वारा किए गए अनेक गलत कार्यों का विरोध करने के लिए नैतिक मूल्यों का निर्धारण करता है।

(4) यह नागरिकों को व्यक्तिगत रूप से विवरणों का परीक्षण करके अधिकारियों द्वारा किए गए गलत कार्यों को रोकने के लिए सशक्त करता है।

(5) यह सरकारी कर्मचारियों और निजी संगठनों द्वारा उत्पन्न अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार को पारदर्शिता के माध्यम से मिटाने का प्रयास करता है।

(v) अपनेउ त्पादब ‍ेचनेव ‍ेर्ि लएर्ि नर्माताअ ौरउ त्पादकर्ि वज्ञापनक ी सहायतास ‍ेउ पभोक्ताओंक ो ल ुभातेह ‍ैं।इ नर्ि वज्ञापनोंम ‍ेंब्र ांडिड उत्पादों के गुण, मूल्य, स्कीम आदि को दर्शाया जाता है। इन विज्ञापनों को व्यावसायिक विज्ञापन कहते हैं। इसके अतिरिक्त

वर्गीकृत वैवाहित विज्ञापन, विभिन्न कार्सों में प्रवेश सूचनाएँ, संस्थाओं के नाम-पते, नौकरियों (सरकारी और गैर-सरकारी) जमीन,ज ायदाद,प लॉट,द ुकानों,प ार्म,म कानों,क ोठियों,प र्यटन कार्यक्रमों, चिकित्सकीय सेवाओं आदि के विज्ञापन भी व्यावसायिक विज्ञापनों के अंतर्गत आते हैं।

(vi) **उपभोक्ता विज्ञापनीकरण :** जब कंपनियाँ अपने उत्पादों को बेचने के लिए विभिन्न प्रकार के साधनों के माध्यम से व्यापारिक (व्यावसायिक) विज्ञापन दिखाती हैं तो यह प्रक्रिया उपभोक्ता विज्ञापनीकरण कहलाती है।

उपभोक्तावाद : उपभोक्ताओं को पदार्थों एवं वस्तुओं को हानिकारक बताने, निम्न गुणवत्ता, गुमराह करने वाली तथा छिपी हुई सूचनाएँ, बहकाना, अत्यधिक कीमत अंकित करना आदि कमियों से सावधान करने को उपभोक्तावाद कहते हैं।

3. 10 पंक्तियों में उत्तर :

(i) एक प्रजातांत्रिक देश में मीडिया एक उल्लेखनीय और अतिमहत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। यह लोगों को सरकारी कार्यक्रमों और नीतियों से अवगत कराता है। यदि लोग इन कार्यक्रमों और नीतियों को पसंद नहीं करते हैं तो वे प्रश्न पूछकर, संबंधित अधिकारी या मंत्री को पत्र लिखकर, समाचार-पत्रों में आर्टिकल लिखकर, हस्ताक्षर अभियान चलाकर आदि के द्वारा अपना विरोध प्रकट कर सकते हैं। जब मीडिया की खबरें जनता, सरकार या अन्य एजेंसी किसी से नियंत्रित या प्रभावित नहीं होती तो इसे स्वतंत्र मीडिया कहते हैं। केवल स्वतंत्र मीडिया ही संतुलित रिपोर्ट लिख सकता है। स्वतंत्र मीडिया बिना समावेशों के खबरों को प्रकाशित या संचारित करता है। इसीलिए प्रजातंत्र में स्वतंत्र मीडिया अतिमहत्त्वपूर्ण है। अत: मीडिया द्वारा उपलब्ध कराई गई खबर विश्वनसीय होनी चाहिए, न कि पूर्वाग्रह पर आधारित।

कभी-कभी सरकार सेंसरशिप/प्रकाश नियंत्रण के माध्यम से मीडिया की खबरों या टीवी पर दिखाए जाने वाले दृश्यों को नियंत्रित करती है। सरकार इस कार्य को राष्ट्रीय अशांति या संकटकाल के समय करती है। ऐसी परिस्थितियों में मीडिया को स्वतंत्र नहीं छोड़ा जा सकता, उसकी स्वतंत्रता पर रोक लगा दी जाती है।

(ii) सामाजिक मूल्यों या समस्याओं संबंधी विज्ञापनों को सामाजिक विज्ञापन कहते हैं। सरकारी और निजी अभिकरणों का यह नैतिक दायित्व है कि वे लोगों को उनके पैसों, स्वास्थ्य, संपत्ति, पर्यावरण तथा हानिकारक वस्तुओं के प्रति सावधान करे। उदाहरण के लिए, सिगरेट की डिब्बी तथा गुटखों के पाउचों पर स्वास्थ्य की रक्षा के लिए क्रमश: इस प्रकार की चेतावनी लिखी रहती है–'धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है', 'तंबाकू चबाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है'। बसों में लिखे 'शरीर का कोई भाग खिड़की से बाहर न निकालें', 'गति 40 किमी प्रति घंटा', स्कूल में 'फर्श पर मत थूकिए', सड़कों पर 'सावधानी से चलिए', 'अपने बाएँ हाथ पर चलें', 'धीरे चलिए पुल कमजोर है' आदि इसी प्रकार के विज्ञापन हैं। इस तरह से हम देखते हैं कि सामाजिक विज्ञापनों का प्रयोग सामाजिक बुराइयों; जैसे–बाल विवाह, बालश्रम, बेरोजगारी, गरीबी, सांप्रदायिक अशांति, दहेज, खाद्य पदार्थों में मिलावट आदि को मिटाने तथा परिवार नियोजन, रोजगार कार्यक्रमों एवं राष्ट्रीय एकता, अखंडता आदि को प्रोत्साहित करने के लिए किया जाता है।

(iii) **मीडिया की तकनीकियाँ :** मीडिया के साधनों में रेडियो, टेलीविजन, अखबार, सिनेमाघर, मॉल आदि प्रमुख हैं। टीवी, रेडियो तथा कंप्यूटर स्क्रीन पर संचालित होने वाली इंटरनेट प्रणाली बिजली से चली है, इसीलिए इन्हें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कहते हैं। यह खबरों और घटनाओं को न केवल टीवी या कंप्यूटर पर दिखाता

है बल्कि उसका शब्दों में वर्णन भी करता है। समाचार-पत्र और पत्रिकाएँ देश-विदेश की खबरों को बड़े पैमाने पर प्रकाशित करते हैं, जिन्हें प्रिंट मीडिया कहते हैं। इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया में प्रयुक्त होने वाले मशीनों में उन्नत तकनीकी के कारण आमूल-चूल परिवर्तन हुए हैं। उपग्रहों और केबिल के कारण विश्व के दूसरे कोने में घटने वाली घटनाओं और समाचारों को हम कुछ ही सेकंडों में टीवी या इंटरनेट प्रणाली के माध्यम से कंप्यूटरों पर देख सकने में समर्थ हुए हैं। अन्य देशों की फिल्में, कार्यक्रमों, घटनाओं आदि को हम अपने टीवी पर तकनीकी विकास के कारण देख पाते हैं।

4. निम्नलिखित शब्दों की व्याख्या कीजिए :

(i) **सेंसर (प्रकाशन नियंत्रण) :** सेंसरशिप के माध्यम से मीडिया की खबरों या टीवी पर दिखाए जाने वाले अश्लील दृश्यों को नियंत्रित किया जाता है।

(ii) **अभियान :** किसी के विरूद्ध चलाया जाने वाला आंदोलन अभियान कहलाता है।

(iii) **मिलावट :** वस्तुओं में उन्हें गुणवत्ताहीन करने के लिए हानिकारक चीजें मिलाना, मिलावट कहलाता है।

(iv) **उपभोक्तावाद :** उपभोक्ताओं को पदार्थों एवं वस्तुओं को हानिकारक बताने, निम्न गुणवत्ता, गुमराह करने वाली तथा छिपी हुई सूचनाएँ, बहकाना, अत्यधिक कीमत अंकित करना आदि कमियों से सावधान करने को उपभोक्तावाद कहते हैं।

(v) **स्थानीय मीडिया :** स्थानीय मीडिया के अंतर्गत बहत-से स्थानीय लोग किसानों को परिष्कृत बीजों, उर्वरकों, कृषि यंत्रों उत्पादन के मूल्यों आदि के बारे में जानकारियाँ और परामर्श देने के लिए अपना खुद का अखबार प्रकाशित करते हैं।

5 बाजार : हमारे क्रय केंद्र

रचनात्मक निर्धारण

1. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :

(i) (a) बाजार (ii) (b) फुटकर विक्रेता

(iii) फेरीवाला (iv) (c) थोक विक्रेता

(v) (b) जनरल स्टोर

2. निम्नलिखित को सुमेल कीजिए :

'अ'	'ब'
पुष्कर पशु मेला	राजस्थान
बकेवर पशु मेला	उत्तर प्रदेश
सोनपुर पशु मेला	बिहार
सुनार की दुकान	खुदरा व्यापारी
परचूनिया	पारिश्रमिक के बदले सेवाएँ

3. सत्य या असत्य लिखिए :

(i) सत्य (ii) असत्य (iii) सत्य

(iv) सत्य (v) सत्य (vi) असत्य

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) अलमारियों व रैक (ii) 100

(iii) खुदरा व्यापारी, थोक व्यापारियों (iv) थोक व्यापारियों

(v) बाजार

संकलित निर्धारण

1. एक पंक्ति में उत्तर :

(i) बाजार वह स्थान है, जहाँ वस्तुओं और सेवाओं का क्रय-विक्रय

किया जाता है।

(ii) व्यापारी जो बड़ी मात्रा में सामान/वस्तुओं को बेचते हैं, थोक विक्रेता या व्यापारी कहलाते हैं।

(iii) व्यापारी जो कम मात्रा में सामान/वस्तुओं को बेचते हैं, खुदरा विक्रेता या व्यापारी कहलाते हैं।

(iv) साप्ताहिक बाजार सप्ताह के किसी एक निश्चित दिन को लगते हैं।

(v) थोक व्यापारी सामान्यत: एक या दो वस्तुओं को बेचते हैं।

2. चार पंक्तियों में उत्तर :

(i) वे बाजार, जहाँ वस्तुएँ खुली अवस्था में, एक या कुछ की मात्रा में बेची जाती हैं, खुदरा बाजार कहलाते हैं। साप्ताहिक पैठ बाजार, गली-मुहल्ले की दुकानें, बस स्टॉप तथा रेलवे स्टेशन पर लगे स्टॉल, मॉल, सुपर मार्केट आदि खुदरा बाजार के ही अंग हैं। इन बाजारों में वस्तुओं को थोक व्यापारियों की अपेक्षा थोड़े ज्यादा लाभ पर बेचा जाता है।

(ii) कई मंजिला आधुनिक शैली में बना विक्रय स्थल जहाँ मनोरंजन के लिए कई-कई फिल्में भी दिखाई जाती हैं, मॉल कहलाता है। मॉल लगभग 2000 वर्ग गज में बनी कई मंजिली, हवादार, वातानुकूलित, कई दुकानों वाली बड़ी इमारत होती है। मॉल की दुकानों में अधिकतर ऊँची कीमत वाले ब्राण्डिड आइटम बेचे जाते हैं। उदाहरण के लिए, रिबॉक, लिबर्टी, वुडलैंड, रेड चीफ आदि ब्रांडों के जूते-चप्पल, पीटर इंग्लैंड, वीनस, एडीडास, टीएनजी, किलर आदि ब्रांडों के कपड़े आदि।

(iii) **थोक बाजार की विशेषताएँ :**

(1) थोक व्यापारी सामान्यत: एक या दो वस्तुओं को बेचते हैं।

(2) उत्पादक या निर्माता और थोक व्यापारी के बीच एजेंट एक कड़ी है।

(3) थोक व्यापार में व्यापारी को बड़े पैमाने पर पूँजी निवेश करना पड़ता है।

(4) थोक व्यापारी उत्पादकों, निर्माताओं तथा छोटे व्यापारियों के बीच दलाल का काम करते हैं।

(5) थोक व्यापारी उपभोक्ताओं से सीधे जुड़े नहीं होते।

(6) थोक व्यापारी सरकार को व्यापार कर, बिक्रीकर तथा आयकर चुकाते हैं।

(7) थोक व्यापारियों को बैंक ऋण तथा ओवरड्राफ्ट की सुविधा उपलब्ध कराते हैं। इसके अतिरिक्त सरकार उन्हें स्टॉक करने की भी छूट देती है।

(iv) वह स्थान, जहाँ गाय, भैंस, भैंसों, बछड़ों, कटडों, बकरियों, भेड़ों, ऊँटों, गधों, घोड़ों आदि का क्रय-विक्रय किया जाता है, पशु बाजार कहलाता है। ये बाजार अधिकतर क्षेत्रवार एवं निश्चित दिन को निश्चित स्थान पर लगते है। अधिकांश बाजार गाँवों में सप्ताह के किसी निश्चित दिन लगते हैं। यहाँ पशुओं को व्यापारी या किसान दूर-दूर से लाते हैं। पशु बाजार को पशुओं की पैठ भी कहते हैं। इन बाजारों में थोक या खुदरा व्यापारी जैसे बातें नहीं पाई जातीं।

(v) बाजारों की एक श्रृंखला होती है, जिससे होकर सामान हम तक पहुँचता है। उत्पादक जैसे किसान सब्जियाँ उगाते हैं, वे थोक व्यापारियों को अपनी उपज बेचते हैं तथा थोक व्यापारी खुदरा व्यापारी को, और खुदरा व्यापारी से हम सब्जी खरीद लेते हैं। इस प्रकार सामान हम तक पहुँचता है।

3. 10 पंक्तियों में उत्तर :

(i) आधुनिक युग में गाँव, कस्बों और शहरों की गलियों में बनी दुकानों को गली की दुकानें कहते हैं। इन्हें पड़ोस की दुकानों के नाम से भी जानतेह ैं।इ नद ुकानदारोंक ेख ुदरा० यापारीक हतेह ैंक योंकिय े दुकानदार थोक व्यापारियों से माल खरीदते हैं। इन दुकानों में दैनिक

उपभोग की वस्तुएँ; जैसे–परचून का सामान, सब्जियाँ, आटा, दूध, कोल्ड ड्रिंक, बिजली का सामान, गन्ने का रस, दवाइयाँ, फलों का रस, कॉस्मेटिक्स आदि की बिक्री होती है। इसके अतिरिक्त सामान न बेचने वाले दुकानदार भी, जिन्हें मैकेनिक कहा जाता है, हमें अपनी सेवाएँ दकर अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। जैसे–मोटर साइकिल, स्कूटर, कार, साइकिल, इंजन, बिजली के उपकरणों, सिलाई मशीन, गैस के चूल्हे, स्टोव, रुई धुनने की मशीन, आटा चक्की आदि की मरम्मत करने वाले इसी प्रकार के दुकानदार हैं। डॉक्टर, कोचिंग देने वाले तथा ट्यूशन पढ़ाने वाले भी एक तरह से गलियों और बाजारों में अपनी दुकानें चलाते हैं। फेरीवाले व ठेलों पर सामान बेचने वाले भी गली-मुहल्ले के दुकानदार माने जाते हैं। हर वर्ग का उपभोक्ता इन दुकानदारों की सेवाएँ लेता है या उनसे अपनी जरूरत का सामान क्रय करता है। ये दुकानदार सामान्यत: अपने ग्राहकों को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं तथा उन्हें सामान उधार देने में जरा भी नहीं हिचकते। कुछ ग्राहक महीने के अंत में इन दुकानदारों का हिसाब चुकाते हैं, क्योंकि महीने के अंत में ही उन्हें वेतन या मजदूरी मिल पाती है।

(ii) शॉपिग बिना बाजारों के भी संभव है। कछ निर्माता या व्यापारी कच्चा माल या मशीनरी के पार्ट्स उनके उत्पादकों या कारखाना मालिकों से टेलीफोन, मोबाइल फोन या इंटरनेट के माध्यम से खरीदते हैं। उदाहरण के लिए एक कार निर्माता कंपनी इंजन, धातु की चादरें, पहिए, धुरी, टायर, पेट्रोल आदि अन्य कारखानों के मालिकों से खरीदती है। उनका सामान का क्रय-विक्रय बाजारों में होते हुए नहीं दिखाई पड़ता जबकि क्रय-विक्रय अवश्य होता है। इस तरह के क्रय-विक्रय को बिना बाजारों के खरीददारी कहते हैं। इसके अतिरिक्त थोक व्यापारी और खुदरा व्यापारी अपने ग्राहकों की सेवा फोन और मोबाइल पर भी करते हैं। वे अपने ग्राहकों की

सामान की आवश्यकताओं को फोन पर नोट करते हैं तथा सामान पैक करके अपने डिलीवरी ब्वॉय या डिलीवरी मैन द्वारा उसे ग्राहक के घर पहुँचा देते हैं।

4. निम्नलिखित का उचित कारण बताइए :

(i) क्योंकि इन बाजारों में ग्राहक दुकानदारों से खूब मोल-भाव करते हैं तथा स्थायी बाजारों की अपेक्षा इन बाजारों में सस्ती दरों पर सामान उपलब्ध हो जाता है।

(ii) प्राय: ब्राण्डिड वस्तुएँ मॉलों में या बड़े-बड़े शॉपिंग कॉम्पलेक्सों में ही मिलती हैं। इन ब्राण्डिड वस्तुओं के उत्पादन में बहुत अधिक व्यय होने के कारण तथा इन मालों व शॉपिंग कॉम्पलेक्सों में दुकानों के बहुत अधिक किराए व व्यय होने के कारण ब्रांडिड वस्तुएँ ऊँची कीमत पर बेची जाती हैं।

(iii) राज्य सरकार विपणन के लिए प्रत्येक शहर में थोक बाजार (मण्डियाँ) स्थापित करती है, जिन्हें नवीन मण्डियाँ कहते हैं। प्रत्येक मंडी का नियंत्रण मंडी सचिव द्वारा किया जाता है।

(iv) क्योंकि अधिकतर पशु गाँवों के किसानों या व्यापारियों द्वारा पाले जाते हैं। अत: पशु बाजार सामान्यत: गाँवों में लगते हैं।

आदर्श प्रश्न-पत्र-I

रचनात्मक निर्धारण

1. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :

(i) (a) पर्यावरण (ii) (a) स्पांतरित चट्टानों से

(iii) अब्दुल हमीद लाहौरी

(iv) (c) मुहम्मद-बिन-तुगलक

(v) (a) तमिलनाडु (vi) (a) उत्तर प्रदेश

(vii) गुगलीमो मारकोनी

2. सत्य या असत्य बताइए :

(i) असत्य (ii) सत्य (iii) असत्य

(iv) सत्य (v) असत्य (vi) सत्य

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) जलीय भाग (ii) चारों (iii) उच्च

(iv) दिशा (v) भौतिक (vi) प्रसारण

4. निम्नलिखित में अंतर बताइए:

(i) जैविक घटक और अजैविक घटक :

जैविक घटक	अजैविक घटक
जैविक कारकों में पौधों और मानव सहित सभी जंतुओं को सम्मिलित किया जाता है जिन्हें जैविक घटक कहा जाता है।	अजैविक कारकों में वायु, जल, स्थल, धूप आदि को सम्मिलित किया जाता है। इन्हें अजैविक घटक कहते हैं।

(ii) पायबोस और सिजदा :

पायबोस	सिजदा
सुल्तान के पैरों को चूमने की प्रथा पायबोस थी।	सुल्तान के पैरों के सामने सिर कोझ ुकाकरज मीनस ेछ ूनेक ी प्रथा सिजदा थी।

(iii) विधानसभा तथा विधानपरिषद

क्र.सं.	विधानसभा	विधान परिषद
1.	विधानसभा को निम्न सदन कहते हैं।	विधान परिषद को उच्च सदन कहते हैं।
2.	विधानसभा में 525 से अधिक और 60 से कम सदस्य नहीं हो सकते।	विधान परिषद के कुल सदस्य विधान सभा के कुल सदस्यों की संख्या के 1/3 होते हैं, परंतु ये 40 से कम नहीं हो सकते।
3.	विधानसभा का कार्यकाल 5 वर्ष है	विधानपरिषद एक स्थायी सदन है और इसके 1/3 सदस्य प्रति दो वर्ष बाद पदमुक्त होते रहते हैं।

(iv) एन.सी.ई.आर.टी और एस.सी.ई.आर.टी

क्र.सं.	एन.सी.ई.आर.टी	एस.सी.ई.आर.टी
1.	यह राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद है।	यह राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद है।
2.	यह एक केंद्रीय शिक्षा संस्था है, जो 1 से 12 तक की कक्षाओं की पुस्तकों का हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में प्रकाशन करती है।	यह राज्य स्तर पर शैक्षिक उन्नयन के कार्यों को संपादित करती है।

(v) वित्त विधेयक और साधारण विधेयक

संकलित निर्धारण

1. एक पंक्ति में उत्तर :

(i) मनुष्य के चारों ओर पायी जाने वाली प्राकृतिक, परिस्थितियाँ पर्यावरण कहलाती हैं।

(ii) ज्वालामुखीश ािक्वाकारप र्वतह ै,ि जसकेव ाेटरस ेल ावाग ैसोंव े साथ बाहर आता है।

(iii) हर्ष को पुलकेशिन द्वितीय ने पराजित किया।

(iv) सिकन्दर लोदी ने।

(v) बिना किसी सामाजिक हैसियत के सभी वयस्क नागरिकों को मत देने का अधिकार सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार कहलाता है।

(vi) ऐसे राज्य, जिनमें विधान परिषद तथा विधानसभा दोनों सदन होते हैं, द्विसदनात्मक राज्य कहलाता है।

(vii) टीवी, रेडियो, समाचार पत्र।

2. 5 पंक्तियों में उत्तर :

(i) जैवमंडलप र्यावरणक ास बसेम हत्त्वपूर्णक्ष ेत्रह ै।प ौधेअ ौरज ंतु दोनों एक साथ मिलकर जैवमण्डल का निर्माण करते हैं। यह पृथ्वी का एक संकरा क्षेत्र है। यह जीवों को आवास प्रदान करता है। जैव क्षेत्रों का विकास पौधे और जंतुओं के अनुसार होता है। भूमि, वायु और जल एक-दूसरे से ताल बैठाकर जीवों को सहारा प्रदान करते

हैं।

(ii) वायुमण्डलीय ताप और दाब के कारण आग्नेय और अवसादी चट्टानों में परिवर्तन होने के कारण बनने वाली नई प्रकार की चट्टानें कायांतरित चट्टानें कहलाती हैं। उदाहरण—चीका मिट्टी से क्लेट, चूना पत्थर से संगमरमर, बलुआ पत्थर से क्वाट्र्ज आदि।

(iii) मध्यकालीन भारत में बाबर तथा जहाँगीर ने चित्रकला में बहुत रुचि ली। उनके शासनकाल में चित्रकला का बहुत विकास हुआ। उनके समय में तैयार की गई पेंटिंगों से पता चलता है कि वे लोग चित्रकला के प्रति गहरा रूझान रखते थे। उनकी चित्रकारी के विषय सुंदर महिलाएँ, पेड़-पौधे, लताएँ तथा पशु हैं। इन चित्रों से रंग-योजनाओं का भी पता चलता है। उस समय की अधिकांश धार्मिक पुस्तकों में छोटे-छोटे चित्रों का प्रयोग किया गया था। जहाँगीर स्वयं अपने समय का एक दक्ष चित्रकार था तथा उसे ऐतिहासिक चित्रों का इकट्ठा करने का शौक था।

(iv) देश के नागरिकों में जाति, वंश, कुल और ऊँच-नीच के आधार पर किए जाने वाले भेदभाव को असमानता कहते हैं। भारत जैसे प्रजातांत्रिक देश में अनेक संवैधानिक उपचारों के होते हुए भी समाज में बहुत-सी असमानताएँ दृष्टिगोचर होती हैं। असमानता के मुख्य कारण निम्नलिखित हैं—

जातिवाद या जाति व्यवस्था : भारत में अनेक स्थान ऐसे हैं, जहाँ दलित उच्च जातियों की चारपाई पर नहीं बैठ सकते। दलित जातियों और जनजाति समुदायों के बच्चों के साथ निम्न जाति का होने तथा गरीबी के कारण असमानता का व्यवहार किया जाता है।

(v) **राज्य सचिवालय :** राज्य का प्रधान राज्यपाल होता है तथा राज्य प्रशासन की वास्तविक कार्यकारी शक्तियाँ मुख्यमंत्री में निहित होती हैं। वह इस कार्य में अपने मंत्रिमंडल में सम्मिलित मंत्रियों का सहयोग प्राप्त करता है। इन मंत्रियों के अधीन अनेक प्रकार के

विभाग होते हैं। प्रत्येक विभाग को चलाने में मंत्री की सहायता के लिए एक सचिव होता है, जो विभाग के मंत्री का मुख्य सलाहकार होता है। वह विभाग की योजनाओं और नीतियों के विषय में मंत्री को अवगत कराता है। सामान्यत: सचिव भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) का सदस्य होता है। उसे अपने क्षेत्र के कार्यों का गहन अनुभव होता है। उसकी सहायता के लिए कई अधीनस्थ अधिकारी होते हैं।

(vi) **टेलीफोन :** टेलीफोन की सुविधा होने से हम घर बैठे ही देश-विदेश में अपने मित्रों व रिश्तेदारों से बातें कर सकते हैं।

मोबाइल फोन : मोबाइल फोन की सुविधा होने से हम घर अथवा घर से बाहर भी कहीं से भी अपने मित्रों व रिश्तेदारों को फोन कर सकते हैं। इसके द्वारा हम एस.एम.एस. (मैसेजस) भी भेज सकते हैं।

3. 10 या 12 पंक्तियों में उत्तर :

(i) चोल राजा हिंदू धर्म के अनुयायी थे। वे शिव और विष्णु को ईश्वर के रूप में पूजते थे। उस समय वैष्णव धर्म बहुत लोकप्रिय हो गया था। इसके अतिरित बौद्ध एवं जैन धर्म भी समाज में प्रचलित थे। चोल शासकों ने इस्लाम तथा ईसाई धर्म के मामलों में कोई दखलंदाजी नहीं की थी।

राजशाही परिवार, ब्राह्मण तथा व्यापारी वर्ग समाज में वैभवपूर्ण एवं प्रतिष्ठित जीवनयापन करते थे। समाज में उनका विशेष स्थान था। किसान, मजदूर तथा दासों की दशा ज्यादा अच्छी नहीं थी। संपूर्णस माजच ारव र्णोंम ेंि वभाजितथ ाा-ब्राह्मण,क्ष ात्रिय,व ैश्य और शूद्र। शूद्रों की दशा अच्छी नहीं थी और उन्हें अछूत समझा जाता था। उनके मंदिर प्रवेश तथा धार्मिक उत्सवों में भाग लेने पर रोक थी। उन्हें विद्यालयों में भी प्रवेश नहीं लेने दिया जाता था। समाज में नारी की स्थिति तथा दशा सम्मानजनक थी। समाज में

बालर्ि ववाहत थास तीप्रथाय दा-कदार्ि दखाईद ेतेथ ेा।म ंदिरोंम ें देवदासीप्रथा,न ारियोंव ेदद ेहश ोषणक ाम ाध्यमथ ाी।स माजम ें महिला दास भी थीं।

(ii) मिड-डे मील योजना के अंतर्गत विद्यालयों में बच्चों को मध्यावकाश में नि:शुल्क भोजन प्रदान किया जाता है। इसके लाभ निम्नलिखित हैं–

(1) इस कार्यक्रम को विद्यालय में बच्चों की संख्या में वृद्धि करने हेतु लागू किया गया है ताकि जो बच्चे स्कूल में पढ़ने नहीं आते हैं, वे भोजन मिलने के कारण स्कूल में पढ़ने जरूर आएँगे।

(2) आधी छुट्टी (मध्यावकाश) में बच्चे भोजन खाने के लिए घर जाते हैं और फिर वापस विद्यालय नहीं आते। अत: मिड-डे मीलक ार्यक्रमव ेदद ्वाराब च्चोंक ोम ध्यावकाशम ेंघ ारज ानेस े रोका गया।

(3) इस कार्यक्रम का एक लाभ यह भी है कि सभी जातियों और धर्मों के बच्चे एक साथ एक ही पंक्ति में बैठकर बिना किसी भेदभाव के खाना खाते हैं।

(4) इस कार्यक्रम के द्वारा कुपोषण को खत्म किया जा रहा है।

(iii) राज्य सरकार बच्चों की शिक्षा का प्रबंध करती है। साथ ही बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा मुहैया कराना राज्य का नैतिक दायित्व है। निरक्षरता की दर को घटाने के लिए राज्य सरकारों ने बच्चों को स्कूलों के प्रति आकर्षित करने के लिए अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया है। सरकारी और अनुदानित (सहायता प्राप्त) विद्यालयों में फीस बहुत ही कम है, जिसे गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले माता-पिता के बच्चे आसानी से चुका सकते हैं। इसके अलावा सरकार वजीफे, अनुदान तथा ऋण सुविधाएँ प्राथमिक स्तर से उच्च स्तर की शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों को उपलब्ध कराती है। अधिकतर सभी राज्य सरकारें कक्षा 1

से कक्षा 8 तक बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा तथा पुस्तकें उपलब्ध कराती हैं। प्रत्येक राज्य में सेकेंडरी स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट बोर्ड स्थापित किए गए हैं। पूरेद ेशम ेंस ी.बी.एस.ई.त थाअ ाई.सी.एस.सी.ब ोर्डअ ंग्रेजीत था हिंदी माध्यमों से कक्षा 1 से 12 तक की शिक्षा का प्रबंध करते हैं। राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.ई.आर.टी.) एक केंद्रीय शिक्षा संस्था है, जो 1 से 12 तक की कक्षाओं की पुस्तकों का हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में प्रकाशन करती है। यह संस्था देश के चारों कोनों में स्थित विद्यालयों के लिए अध्यापकों के प्रशिक्षण यथा बी.एड. तथा एम.एड. कोर्सों का आयोजन करती है। राज्य स्तर पर राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद भी एन.सी.ई.आर.टी. की भाँति शैक्षिक उन्नयन के कार्यों को संपादित करती है।

(iv) एक प्रजातांत्रिक देश में मीडिया एक उल्लेखनीय और अतिमहत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। यह लोगों को सरकारी कार्यक्रमों और नीतियों से अवगत कराता है। यदि लोग इन कार्यक्रमों और नीतियों को पसंद नहीं करते हैं तो वे प्रश्न पूछकर, संबंधित अधिकारी या मंत्री को पत्र लिखकर, समाचार-पत्रों में आर्टिकलि लिखकर,ह स्ताक्षरअ भियानच लाकरअ ादिव ेद ्वारा अपना विरोध प्रकट कर सकते हैं। जब मीडिया की खबरें जनता, सरकार या अन्य एजेंसी किसी से नियंत्रित या प्रभावित नहीं होती तो इसे स्वतंत्र मीडिया कहते हैं। केवल स्वतंत्र मीडिया ही संतुलित रिपोर्ट लिख सकता है। स्वतंत्र मीडिया बिना समावेशों के खबरों को प्रकाशित या संचारित करता है। इसीलिए प्रजातंत्र में स्वतंत्र मीडिया अतिमहत्त्वपूर्ण है। अत: मीडिया द्वारा उपलब्ध कराई गई खबर विश्वनसीय होनी चाहिए, न कि पूर्वाग्रह पर आधारित।

कभी-कभी सरकार सेंसरशिप/प्रकाश नियंत्रण के माध्यम से

मीडिया की खबरों या टीवी पर दिखाए जाने वाले दृश्यों को नियंत्रित करती है। सरकार इस कार्य को राष्ट्रीय अशांति या संकटकाल के समय करती है। ऐसी परिस्थितियों में मीडिया को स्वतंत्र नहीं छोड़ा जा सकता, उसकी स्वतंत्रता पर रोक लगा दी जाती है।

आदर्श प्रश्न-पत्र-II

रचनात्मक निर्धारण

1. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :

(i) (d) ये सभी

(ii) (c) कैंचियों और खेल के सामान के लिए

(iii) (a) हम्पी में (iv) (a) जेम्स वॉट ने

(v) (b) गेहूँ की खेती (vi) (c) 933 : 1000

2. निम्नलिखित को सही मिलान कीजिए :

'अ'	'ब'
गल्फ स्ट्रीम	गर्म जलधारा
लेब्राडोर	ठंडी जलधारा
गीजर	भूमिगत जल का स्रोत
क्यूरोसिवो	उत्तरी प्रशांत महासागर
निम्न ज्वार	भाटा

3. सत्य या असत्य बताइए :

(i) असत्य (ii) सत्य (iii) असत्य

(iv) सत्य (v) सत्य (vi) सत्य

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) पतझड़ (ii) टी.जी.वी (iii) चोल शासकों

(iv) कठिन (v) साधन

संकलित निर्धारण

1. एक पंक्ति में उत्तर :

(i) समुद्र का जल खारा होता है, जिसमें मुख्य रूप से नमक (सोडियम क्लोराइड) घुला रहता है।

(ii) अफ्रीका।

(iii) शेरशाह सूरी ने।

(iv) गोंड एक जनजाति थी, जो मध्य एशिया के जंगलों, विशेषकर महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के पश्चिमी भागों में निवास करती थी।

(v) सामाजिक पर्यावरण में पुरुषों और महिलाओं के व्यवहार और समानताओं के संदर्भ में प्रयुक्त कारक लिंग कहलाता है।

(vi) मीडिया से तात्पर्य उस साधन से है, जिसके माध्यम से हम समाज में विचारों का आदान-प्रदान करते हैं।

2. 5 पंक्तियों में उत्तर :

(i) सुनामी एक जापानी शब्द है, जिसका तात्पर्य है कि वायु से समुद्रों में उठने वाली विकराल लहरें। समुद्र से इन उठने वाली इन विकराल लहरों से काफी बड़ी संख्या में जान-माल को हानि पहुँचती है।

(ii) लद्दाख के ऊँचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में सेब, खुमानी तथा अखरोट की पैदावार खूब होती है। यहाँ के लोग जौ, आलू, शलगम, मटर तथा बीन्स की खेती करते हैं।

(iii) अबुल फजल, फैजी, मिर्जा अजीज कोका, टोडरमल, अब्दुर्रहीम, खान-ए-खाना, राजा मानसिंह, राजा बीरबल, राजा भगवानदास तथा तानसेन अकबर के दरबार में नौ रत्न थे।

(iv) रानी दुर्गावती महोबा के राजपूत राजा की पुत्री थी, जो गढ़ कटंगा के गोंड राजा संग्रामशाह के पुत्र दलपतशाह से ब्याही थी। रानी का युद्ध अकबर से 1565 ई. में हुआ था लेकिन वह अकबर के

सेनापति आसफ खाँ के द्वारा पराजित कर दी गई थी।

(v) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के महत्त्वपूर्ण प्रावधान निम्नलिखित हैं–

(1) प्रत्येक सार्वजनिक प्रतिष्ठान (सरकार द्वारा स्थापित नियंत्रित या अनुदानित संस्था) को हिसाब का लेखा-जोखा रखना चाहिए ताकि समयानुसार उसे किसी भी सूचना के तहत आसानी से बिना देरी के उपलब्ध कराया जा सके।

(2) प्रत्येक सार्वजनिक प्रतिष्ठान को अपने संगठन, कार्यों, कर्त्तव्यों, महत्त्वपूर्ण नीतियों और निर्णयों तथा व्यय आदि के विषय में सूचनाएँ प्रकाशित करनी चाहिए।

(3) यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक सूचना अधिकारी, प्रशासनिक प्राधिकरण इकाइयों या कर्त्तव्यों के विषय में या किसी सरकारी निर्णय या काम की देरी या न होने के विषय में सूचना प्राप्त करना चाहता है तो उस व्यक्ति को सूचना उपलब्ध करानी पड़ेगी।

3. 10 या 12 पंक्तियों में उत्तर :

(i) समुद्री जलधाराएँ मानव जीवन को अनेक प्रकार से प्रभावित करती हैं, जिनमें प्रमुख प्रभाव निम्नलिखित हैं–

(1) जलधाराएँ उन क्षेत्रों की जलवायु को प्रभावित करती हैं, जिनसे लगे तटों से होकर ये बहती हैं। गर्म जलधारा; जैसे-गल्फ स्ट्रीम अपनी उत्पत्ति के क्षेत्र के ताप को बढ़ा देती है। ठंडी धारा अपनेक्ष ेत्रक ोि हमम ेंप रिवर्तितक रद ेतीह ै।ल ेब्राडोरज लधारा ग्रीनलैण्ड के पास स्थित महासागर के तटों से होकर बहती है, जो उस क्षेत्र को बर्फ में बदल देती है।

(2) गर्म और ठंडी धाराओं का मिश्रण मत्स्य उत्पादन के लिए समताप की स्थिति उत्पन्न करता है क्योंकि यह मछलियों के लिए एक समुद्री भोजन, प्लैंकटन को पैदा करता है। कनाडा स्थित ग्रांड बैंक मछली उत्पादन के बढ़िया क्षेत्रों में से एक है।

(3) समुद्री जलधाराएँ वर्षा को भी प्रभावित करती हैं। गर्म धाराओं के ऊपर से गुजरने वाली हवाएँ आर्द्र हो जाती हैं, जिनके कारण समुद्री तटों पर अच्छी वर्षा होती है। इसके विपरीत, ठंडी धाराओं से होकर गुजरने वाली हवाओं में बहुत ही कम वर्षा होती है।

(4) समुद्री जलधाराएँ व्यापार को भी प्रभावित करती हैं। जिन क्षेत्रों से होकर गर्म धाराएँ बहती हैं, वहाँ वर्षभर नौकायान या जल-यातायात की सुविधाएँ उपलब्ध रहती हैं। इसके विपरीत, ठंडी धाराओं वाले क्षेत्रों में बर्फ जम जाने के कारण जल यातायात संभव नहीं हो पाता है।

(5) समुद्री जलधाराएँ पर्यावरण को भी प्रभावित करती हैं। गर्म और ठंडी जलधाराओं के मिलने से घने कोहरे की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे जहाजों का आवागमन रूक जाता है तथा जहाजों में संबंधित दुर्घटनाएँ होना आम बात होती है।

(ii) मसुलीपत्तनम शहर कृष्णा बेसिन तथा आंध्र के तट (कोरोमण्डल तट) पर स्थित मत्स्य बंदरगाह है। 17वीं शताब्दी में डच ईस्ट इण्डिया कम्पनी और अंग्रेजी ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने इस पर अपना अधिकार जमाने के लिए प्रयास किया। व्यापार की मुख्य वस्तु मछली थी, इसीलिए इस शहर का नाम मछलीपत्तनम पड़ा। गोलकुण्डा के कुतुबशाही शासकों ने अपने शाही एकाधिकार के द्वारा ईस्ट इण्डिया कम्पनी पर मछलीपत्तनम के साथ कपड़ा, मसालों जैसी वस्तुओं के व्यापार पर रोक लगाने का प्रयास किया। ईस्टइ ण्डियाक म्पनीव ेए कप ैक्टर,f वलियमम ेथवल्डन ेइ स शहर को इसकी घनी आबादी, बाह्य बसावट तथा टूटी-फूटी इमारतों (मकानों) के कारण गरीब मछुआरों का शहर कहकर पुकारा था, परंतु बाद में गोलकुण्डा के अमीरों, ईरानी व्यापारियों, तेलुगु कोमाती, चेट्टियों, डचों, अंग्रेजों तथा पुर्तगालियों ने इसकी जनसंख्या को और बढ़ाया तथा इसे आंतरिक व्यापारिक प्रतिस्पर्धा

के कारण एक संपन्न और समृद्ध शहर में तब्दील कर दिया।

मुगल सम्राट औरंगजेब के कारण यहाँ के व्यापारी इस नगर को छोड़कर बंबई, मद्रास और कलकता चले गए और इस तरह से मछलीपत्तनम की संपन्नता सदा के लिए समाप्त हो गई।

(iii) महिलाओं की सामाजिक असमानता निम्नलिखित प्रकार से पाई जाती है :

(1) परिवार में : अनेक परिवार लड़कियों की अपेक्षा लड़कों से अच्छा व्यवहार करते हैं। माताएँ अपने बेटों को बेटियों की अपेक्षा अच्छा भोजन, कपड़े, खिलौने और शिक्षा उपलब्ध कराती हैं। महिलाएँ होते हुए भी वे अपनी बेटियों से बुरा व्यवहार करती हैं।

(2) स्वास्थ्य की रक्षा करने में : यदि देहात में कोई लड़की बीमार पड़ जाती है तो उसे झोलाछाप डॉक्टर से दवाई दिलाकर खानापूर्ति कर दी जाती है। कभी-कभी बच्ची का इलाज ठीक न होने के कारण उसकी मौत भी हो जाती है। यदि लड़की बच जाती है तो उसे ठीक इलाज न दिलाकर भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। देश के कुछ हिस्सों में गर्भ में ही कन्या भ्रूण की हत्या कर दी जाती है।

(3) शिक्षा में : कुछ लोग अपनी बेटियों की अपेक्षा, बेटों को महँगे विद्यालयों में शिक्षा दिलाने के लिए दाखिल कराते हैं तथा बेटों की शिक्षा पर बहुत अधिक पैसा खर्च करते हैं। उनका विश्वास है कि बेटे उनकी दौलत हैं और वे ही उन्हें कमाकर धन देंगे। दूसरी ओर उनके विचार में लड़कियाँ पराया धन होती हैं।

आदर्श प्रश्न-पत्र-III

रचनात्मक निर्धारण

1. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :

(i) (b) अवसादी चट्टानों में   (ii) (a) बाल्टी

(iii) (b) विदेशी यात्री

(iv) (c) गीतगोविन्द (v) (c) 25 वर्ष से कम

(vi) (b) उत्पादन का उपभोग करता है

2. निम्नलिखित को सही मिलान कीजिए :

'अ'	'ब'
बद्दू	सहारा मरुस्थल के गड़रिए
गंगोत्री	ग्लेशियर
याक	लद्दाख में पाया जाने वाला बैल जैसा पशु
काहिरा	लद्दाख की राजधानी
लेह	मिस्र की राजधानी
बाराला चाला	दर्रा

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) अनुपजाऊ   (ii) शाहजहाँ   (iii) बाबर

(iv) कठिन   (v) खुदरा व्यापारी, थोक व्यापारी

(vi) बाजार

4. उचित कारण बताइए :

(i) वायुमण्डलीय ताप और दाब के कारण अवसादी चट्टानें रूपांतरित चट्टानों में परिवर्तित हो जाती हैं।

(ii) याकव ेद ूधस ेप नीरत थाम क्खनअ ादिब नाएज ातेह ैंइ सके साथ-साथ याक से ऊन भी प्राप्त की जाती है। अत: याक लद्दाखियों का सबसे उपयोगी जंतु है।

(iii) यूरोपवासियों ने सूरत में अपनी फैक्ट्रियाँ और गोदाम स्थापित किए थे ताकि वे वहाँ से सूती वस्त्रों, मसालों और अन्य दूसरी वस्तुओं का व्यापार कर सकें।

(iv) क्योंकि मुजाहिन वे मुसलमान हैं, जो 1947 ई. के भारत विभाजन के समय पाकिस्तान चले गए थे, इसीलिए उन्हें पाकिस्तानी नागरिकों के समान अधिकार नहीं दिए गए हैं।

(v) क्योंकि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में लिंग की विभिन्न भूमिकाएँ होती हैं। लिंग की भूमिकाओं को बदला जा सकता है परंतु स्त्री या पुरुष का यौन गुणसूत्रों (क्रोमोसोम) द्वारा निश्चित होता है और इसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता।

(vi) क्योंकि अधिकतर पशु गाँवों के किसानों या व्यापारियों द्वारा पाले जाते हैं। अत: पशु बाजार सामान्यत: गाँवों में लगते हैं।

संकलित निर्धारण

1. एक पंक्ति में उत्तर :

(i) अमेजिन बेसिन में गर्म जलवायु और अधिक वर्षा के कारण सघन वन पाए जाते हैं।

(ii) प्रेयरी उत्तरी अमेरिका में रॉकी पर्वत के पश्चिम से पूर्व में स्थित महान झीलों के क्षेत्र तक फैले हैं। ये घास भूमियाँ संयुक्त राज्य अमेरिका तथा कनाडा में फैली हैं।

(iii) कैलाशनाथ एवं महाबलिपुरम मंदिर।

(iv) ताप्ती नदी।

(v) तलबंडी (पाकिस्तान)।

(vi) जब कोई भी विज्ञापन जनता, सरकार या अन्य किसी एजेंसी से नियंत्रित या प्रभावित नहीं होता, तो इसे स्वतंत्र विज्ञापन कहते हैं।

2. 5 पंक्तियों में उत्तर :

(i) गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में स्थित शहरों में अनेक प्रकार के उद्योगों की स्थापनाक ेग ईह ैंउ दाहरणव ेि लए–मेरठ,क ानपुर,व ाराणसी

और ढाका (बांग्लादेश) में सूती वस्त्र उद्योग तथा रासायनिक पदार्थों को बनाने के उद्योग स्थापित किए गए हैं। मेरठ की अपनी अलग पहचान कैंची उद्योग, खेल के सामानों के निर्माण तथा पुस्तकों के प्रकाशन स्थल के रूप में भी की जाती है। वाराणसी और ढाका रेशम उत्पादन और जूट उद्योग के लिए प्रसिद्ध हैं। असम में तेल शोधशालाएँ तथा प्राकृतिक गैस व पेट्रोकैमिकल्स के कारखाने हैं। कोलकाता में जूट मिल तथा जलयान निर्माण के उद्योग स्थापित हैं। असम और बांग्लादेश के नगरों के विभिन्न प्रकार की हस्तकलाएँ, लघु उद्योग के रूप में प्रचलन में हैं। कुछ लोग पर्यटन उद्योग में लगे हुए हैं क्योंकि इस क्षेत्र में ऐतिहासिक तथा धार्मिक महत्त्व के नगर; जैसे–आगरा, लखनऊ, वाराणसी, मथुरा, इलाहाबाद आदि बड़ी संख्या में पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

(ii) प्रेयरी में घास की विस्तृत भूमियों में लोग बड़े पैमाने पर पशुपालन करते हैं, जो उनका दूसरा महत्त्वपूर्ण व्यवसाय है। वे शहरों के निकट दुग्धशालाओं की स्थापना करते हैं ताकि दुग्ध उत्पाद स्थानीय बाजारों में बेचे जा सकें। गाय फसलों को खाती हैं तथा वे दूधअ ौरम ांसव र्े लएउ पयोगम ें ल ाईज ातीह ैं।इ सप्र कारव र्े व्यवसाय को मिश्रित खेती कहते हैं।

(iii) 12वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में स्थापत्य कला की 'कॉरबेल्ड' या 'ट्रेबीट' शैली का प्रयोग मसजिदों, मकबरों, मंदिरों और अन्य बहुत–सी इमारतों के निर्माण में किया गया, जिसमें छतों, दरवाजों और खिड़कियों का निर्माण दो ऊध्वार्धर स्तंभों के आर–पार शहतीर को क्षैतिज अवस्था में रखकर किया गया। इसके अतिरिक्त स्मारकों और इमारतों से जुड़ी हुई बड़ी सीढ़ियोंदार बावड़ियों (कुओं) का निर्माण भी किया गया था। कॉरबेल्ड शैली का प्रयोग कव्वतुल–इस्लाम मसजिद में स्क्रीन के निर्माण में किया गया है।

(iv) कबीर को वाराणसी में लहरतारा तालाब के किनारे नीरू और नामक जुलाहा दंपत्ति के द्वारा पाया गया था। उन्होंने मूर्ति पूजा, जाति प्रथा, ऊँच–नीच तथा छुआछूत आदि का विरोध किया। वह हिंदू–मुसलमान एकता तथा निर्गुण भक्ति में विश्वास करते थे। उन्होंने खड़ी बोली में दोहों की रचना की तथा भक्ति के उपदेश दिए। वे रामानंद के शिष्य थे।

(v) वे बाजार, जहाँ वस्तुएँ खुली अवस्था में, एक या कुछ की मात्रा में बेचीज ातीह ैं,ख ुदराब ाजारक हलातेह ैं।स ाप्ताहिकप ैठब ाजार, गली–मुहल्ले की दुकानें, बस स्टॉप तथा रेलवे स्टेशन पर लगे स्टॉल, मॉल, सुपर मार्केट आदि खुदरा बाजार के ही अंग हैं। इन बाजारों में वस्तुओं को थोक व्यापारियों की अपेक्षा थोड़े ज्यादा लाभ पर बेचा जाता है।

3. 10 या 12 पंक्तियों में उत्तर :

(i) सहारा के निवासियों को बद्दू कहा जाता है। ये लोग घुमक्कड़ और खानाबदोश जीवन जीते हैं। ये लोग ऊँट, घोड़े, खच्चर, गधे तथा भेड़–बकरियाँ पालते हैं। ये भोजन की तलाश में यहाँ से वहाँ घूमते रहते हैं। ऊँट तथा घोड़ों की पीठ पर ये अपना सामान एक जगह से दूसरी जगह ले जाते हैं। जानवरों से इन्हें दूध, खाल, हड्डियाँ आदि मिलते हैं। पशुओं की खाल (चमड़े) से भी लोग अपने उपयोग की चीजों का निर्माण करते हैं। यहाँ के गड़रिए तुएरेग कहलाते हैं; जो बकरी, भेड़ तथा ऊँट पालते हैं। ये लोग पूर्णतया दूध, मांस और खजूर पर निर्भर करते हैं। आधुनिक युग में बद्दू और तुएरेग लोगों ने अधिवासी जीवन शुरू कर दिया है तथा अपने रहन–सहन के ढंग कोप ूर्णत:प रिवर्तितक र ि लयाह ै।ि मस्रम ें न ीलन दीक ेघ ाटी उत्तम श्रेणी की कपास और गन्ना उत्पादन के लिए विख्यात है। खजूर के रस से शराब बनाई जाती है तथा इसकी पत्तियों से टोकरियाँ, पंखे तथा मकानों की छतें बनाई जाती हैं।

इनके अतिरिक्त व्यापार, खनन, शिल्पकारी तथा जमीन से खनिज तेल के उत्पादन आदि कुछ अन्य व्यवसायों में भी यहाँ के लोग लगे हुए हैं।

(ii) **मुगलकाल में साहित्य और भाषा :**म ुगलोंव ेस मयस रकारी काम-काज की भाषा फारसी थी। आगरा फतेहपुर सीकरी और दिल्ली मुगल की राजधानी रहे थे, इसीलिए इन नगरों के आस-पास ही साहित्य और भाषा का विकास हो सका। मुगल शासक साहित्य के महान संरक्षक थे और उन्होंने इसको काफी सीमा तक प्रोत्साहित किया। तुर्की, फारसी और हिंदी भाषाओं का प्रयोग अधिक मात्रा में होता था। इस काल में अबुल फजल का अकबरनामा, बाबर का बाबरनामा, जहाँगीर की तुजुक-ए-खाना, फैजी की फारसी में कविताएँ, अब्दुर्रहीम खान-ए-खाना के हिंदी में लिखे दोहे, गुलबदन बानो बेगम का हुमायूँनामा आदि प्रमुख पुस्तकें थीं। शाहजहाँ का पुत्र दाराशिकोह संस्कृत और फारसी का प्रकाण्ड विद्वान था। उसने संस्कृत की बहुत-सी पुस्तकों और उपनिषदों का फारसी में अनुवाद किया।

इसके अलावा हिंदी के महान कवि तुलसीदास ने रामचरितमानस तथा सूरदास ने सूरसागर की रचना भी इसी काल में की थी। बदायूँनी तथा अब्दुल हमीद लाहौरी ने भी फारसी में अनेक पुस्तकों की रचना की थी।

(iii) एक प्रजातांत्रिक देश में मीडिया एक उल्लेखनीय और अतिमहत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। यह लोगों को सरकारी कार्यक्रमों और नीतियों से अवगत कराता है। यदि लोग इन कार्यक्रमों और नीतियों को पसंद नहीं करते हैं तो वे प्रश्न पूछकर, संबंधित अधिकारी या मंत्री को पत्र लिखकर, समाचार-पत्रों में आर्टिकलि लिखकर,ह स्ताक्षरअ भियानच लाकरअ ादिव ेद ्वारा अपना विरोध प्रकट कर सकते हैं। जब मीडिया की खबरें जनता,

सरकार या अन्य एजेंसी किसी से नियंत्रित या प्रभावित नहीं होती तो इसे स्वतंत्र मीडिया कहते हैं। केवल स्वतंत्र मीडिया ही संतुलित रिपोर्ट लिख सकता है। स्वतंत्र मीडिया बिना समावेशों के खबरों को प्रकाशित या संचारित करता है। इसीलिए प्रजातंत्र में स्वतंत्र मीडिया अतिमहत्त्वपूर्ण है। अत: मीडिया द्वारा उपलब्ध कराई गई खबर विश्वनसीय होनी चाहिए, न कि पूर्वाग्रह पर आधारित।

कभी-कभी सरकार सेंसरशिप/प्रकाश नियंत्रण के माध्यम से मीडिया की खबरों या टीवी पर दिखाए जाने वाले दृश्यों को नियंत्रित करती है। सरकार इस कार्य को राष्ट्रीय अशांति या संकटकाल के समय करती है। ऐसी परिस्थितियों में मीडिया को स्वतंत्र नहीं छोड़ा जा सकता, उसकी स्वतंत्रता पर रोक लगा दी जाती है।